राजस्थान का तेजी से लोकप्रिय होता अखबार | जयपुर, मंगलवार, 10 सितम्बर, 2024 | राज्य सरकार से विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
9461162346

सुविचार

उबाल इतना भी ना हो की खून
सुख कर उड़ जाए,
धैर्य इतना भी ना हो की खून
जमे तो खौल भी ना पाए!

# हमारा समाचार

दैनिक | वर्ष - 12 अंकः 127 | प्रातः कालीन | मूल्यः 2.50 रुपए | पृष्ठ: 8 | hamarasamachar02@gmail.com

## जल संकट का स्थायी समाधान करने की कवायद में जुटी सरकार..

# राजस्थान-मध्यप्रदेश के बीच बिछेगी मेगा नहर..

# 70 हजार करोड़ से बुझेगी 21 जिलों की प्यास!



हमारा समाचार

**जयपुर।** प्रदेश की भजनलाल सरकार ने अपने लोगों की पानी को लेकर हो रही परेशानी देखते हुए एक बड़ा प्रोजेक्ट तैयार किया है। इसके अंतर्गत राज्य सरकार मध्य प्रदेश सरकार के साथ समझौता कर दो राज्यों के बीच नहर बिछाने का प्लान बना रही है। इसके अंतर्गत राजस्थान में पार्वती- कालीसिंध-चंबल पूर्वी राजस्थान कैनल प्रोजेक्ट पर करीबन 70 हजार करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। राजस्थान सरकार द्वारा इसकी डीपीआर तैयार करवा ली गई है। डीपीआर रिपोर्ट के माध्यम से खर्च होने वाली राशि आंकी गई है। इसी में नहर में 158 छोटे बड़े बांध तक लाइन बिछाने का कार्य भी शामिल है। पहले तैयार की गई डीपीआर और अनुमान में अंकित लागत में 23 हजार करोड़ रुपए का अंतर है। परंतु आयोग आकलन की जांच कर रहा है। इसमें अनुमानित लागत में अंतर आ सकता है।

सरकार ने प्रोजेक्ट को समय से पूरा करने के लिए तथा मध्य प्रदेश व राजस्थान के बीच किसी भी तरह का कोई वाद विवाद ना हो। इसके लिए नेशनल वाटर डेवलपमेंट एजेंसी को बतौर नोडल एजेंसी की जिम्मेदारी दी जाएगी। हालांकि अभी राजस्थान तथा मध्य प्रदेश की संयुक्त डीपीआर प्यार की जाएगी। इसके बाद दोनों राज्यों के बीच एग्रीमेंट होगा। डीपीआर को लेकर विभाग के अफसर आधिकारिक तौर पर कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं। राजस्थान सरकार इसमें तो कौन सी प्रोजेक्ट की औपचारिक शुरुआत पीएम मोदी से करवाने की कोशिश कर रही है। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से कुल लागत की 90 फीसदी राशि वहन करना प्रस्तावित है। हालांकि सरकार अभी तक इस पर अंतिम निर्णय नहीं कर पाई है।

### पार्वती-कालीसिंध-चंबल ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (पीकेसी-ईआरसीपी) की तैयारी, *नहीं रहेगी पानी की कोई कमी, डीपीआर तैयार*



### दो राज्यों के विवादों को दूर रखने के लिए नेशनल वाटर डेवलपमेंट एजेंसी होगी नोडल एजेंसी

**158 छोटे-बड़े बांध तक लाइन बिछाने का कार्य भी शामिल**

**दो फेज में किया जाएगा निर्माण, पहला फेज 4 साल में होगा पूरा**

इस प्रोजेक्ट का काम दो फेज में पूरा किया जाएगा। पहला फेज 4 साल में पूरा किया जाएगा। इसके तहत नवनेरा बैराज से बीसलपुर तथा ईसरदा तक पानी लाया जाएगा। इसके लिए एक कंपनी को कम की जिम्मेदारी भी दे दी गई है। इसके अंतर्गत रामगढ़ बैराज, महलपुर बैराज, नौनेरा में नहरी तंत्र और पंपिंग स्टेशन, मेज नदी पर पंपिंग स्टेशन बनाया जाएगा। इसके साथ ही 2.6 किलोमीटर लंबी टनल भी तैयार की जाएगी। बीसलपुर बांध में 11.2 टीएमसी तथा ईसरदा बांध में 10.5 टीएमसी पानी दिया जाएगा। इससे कोटा, बूंदी, टोंक, जयपुर, सवाई माधोपुर, दौसा, अजमेर जिले के लोगों को फायदा मिलेगा। दूसरे फेज के लिए सरकार अभी तैयारी कर रही है। इसमें कौन से जिलों को जोड़कर कार्य शुरू किया जाए। यहां भी कार्य पहले चरण के बीच शुरू किया जाएगा।5

### जयपुर तथा जयपुर ग्रामीण सहित इन 21 जिलों में दूर होगी पानी की कमी

इस प्रोजेक्ट का लाभ प्रदेश के 21 जिलों को मिलने वाला है। इसके तहत पीने के लिए एवं सिंचाई के लिए पानी पहुंचेगी। इसमें झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, करौली, धौलपुर, भरतपुर, डीग, दोसा, अलवर, खैरथल-तिजारा, जयपुर तथा जयपुर ग्रामीण, कोटपूतली-बहरोड, अजमेर, ब्यावर, केकड़ी, टोंक तथा दूदू जिला शामिल है। इस प्रोजेक्ट के तहत 158 बांध तालाब और अन्य जल स्रोतों को भरा जाएगा। इसके लिए 600 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी स्टोर रखेंगे।

### इधर, ईआरसीपी का पहला बांध नवनेरा बैराज 2 दिन में ही 82 फीसदी भरा



इस बीच, कोटा में नवनेरा बैराज (नोनेरा-ऐबरा बांध) की टेस्टिंग के दौरान बड़ी खबर सामने आई है। यह बांध ईआरसीपी परियोजना का हिस्सा है और इसका निर्माण कार्य हाल ही में पूरा हुआ है। 8 से 12 सितंबर तक चलने वाली इस टेस्टिंग के दौरान बांध के सभी 27 गेट बंद रखे गए हैं, जिससे कालीसिंध नदी का पानी बांध में इकट्ठा हो सकेगा। इससे बांध की भराव क्षमता और गेटों की कार्यक्षमता की जांच की जा रही है। कोटा जिले में ईआरसीपी प्रोजेक्ट के अंतर्गत कालीसिंध नदी पर बने नवनेरा बैराज में पानी रोका जा रहा है। बैराज बनने के बाद यह पहला मौका है जब बैराज की अपस्ट्रीम में पानी को स्टोर किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता आरके जैमिनी के मुताबिक 8 सितंबर से बैराज में पानी रोकने का क्रम शुरू हुआ था। सोमवार को 215.30 मीटर लेवल तक जल भराव बैराज में हो चुका है। भराव क्षमता का 82 फीसदी पानी बैराज में रोका जा चुका है।

## न्यूज़ इनबॉक्स

### आसाराम की 12 दिन की पेरोल खत्म, महाराष्ट्र से कड़ी सुरक्षा में लाया गया जोधपुर सेंट्रल जेल



हमारा समाचार

**जोधपुर।** आसाराम अपने गुरुकुल में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा से रेप के मामले में दोषी ठहराये जाने के बाद जोधपुर सेंट्रल जेल में अंतिम सांस तक सजा काट रहा है। बीते दिनों राजस्थान हाईकोर्ट ने आसाराम को महाराष्ट्र के माधवबाग अस्पताल में आयुर्वेदिक ढंग से इलाज के लिए पेरोल दिया था। आसाराम को हाईकोर्ट से मिली यह पेरोल खत्म हो चुकी है। जिसके बाद आज सोमवार (9 सितंबर) को रेप के दोषी आसाराम को महाराष्ट्र के माधवबाग अस्पताल से पुलिस की कड़ी सुरक्षा में फ्लाइट से जोधपुर लाया गया।

### एलओसी पर घुसपैठ कर रहे 2 आतंकवादी मारे गए



हमारा समाचार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में लाइन ऑफ कंट्रोल पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों को सेना ने मार गिराया। टेररिस्ट रविवार (8 सितंबर) की देर रात सीमा पार करने की कोशिश कर रहे थे। व्हाइट नाइट कॉर्प्स के मुताबिक सेना की तलाशी अभियान में एक और एम4 राइफल बरामद हुआ है। सर्च ऑपरेशन में अब तक 2 एके-47, 1 एम-4 राइफल, 1 पिस्तौल, 8 ग्रेनेड, गोला-बारूद, समेत की सामान बरामद किया जा चुका है।

### मणिपुर राजभवन पर पथराव, 20 घायल



हमारा समाचार

**इंफाल।** मणिपुर की राजधानी इंफाल में सोमवार को सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शन कर रहे स्टूडेंट्स ने राजभवन पर पत्थरबाजी की। इस दौरान सुरक्षाकर्मी भागते दिखे। पुलिस और सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को बैरिकेड लगाकर रोका। कई राउंड आंसू गैस के गोले और रबर बुलेट दागे। इसमें 20 स्टूडेंट्स घायल हो गए।
मैतेई समुदाय के ये छात्र मणिपुर में अचानक बढ़ी हिंसक घटनाओं को लेकर 8 सितंबर से प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें स्थानीय लोग भी शामिल हैं। रविवार को किशमपट के टिडिम रोड पर 3 किलोमीटर तक मार्च के बाद प्रदर्शनकारी राजभवन और ष्टरू हाउस तक पहुंच गए।

### भारत में मंकीपॉक्स का पहला केस मिला




हमारा समाचार

**नई दिल्ली।** देश में मंकीपॉक्स का पहला मरीज मिला है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार (9 सितंबर) को इसकी पुष्टि की है। मंत्रालय ने बताया कि विदेश से लौटे एक व्यक्ति को 8 सितंबर को मंकीपॉक्स के संदेह में आइसोलेशन में रखा गया था।
सैंपल लेकर जांच कराई गई, जिसमें मंकीपॉक्स के स्ट्रेन वेस्ट अफ्रीकन क्लेड 2 की पुष्टि हुई है। लेकिन ये स्ट्रेन डब्ल्यूएचओ की ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी में शामिल स्ट्रेन क्लेड1 नहीं है। 2022 में क्लेड 2 के 30 केस मिले थे।

## सीएम ने दक्षिण कोरियाई निवेशकों को राजस्थान में किया आमंत्रित, बोले-हमारी साझेदारी का नया अध्याय लिखा जाएगा

हमारा समाचार

**जयपुर।** दक्षिण कोरियाई निवेशकों को मुख्यमंत्री ने राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा, "दक्षिण कोरिया के उद्यमियों के साथ हमारी ऐतिहासिक साझेदारी का नया अध्याय लिखा जाएगा। राजस्थान निवेश को सरल बनाने के लिए प्रक्रियाओं और नीतियों को लगातार सुधार रहा है। हमारी सरकार निवेशकों की समस्याओं के समाधान और व्यापार को और आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम कोरिया के साथ व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं। आपका सहयोग हमारी साझा समृद्धि और सफलता की कुंजी है।"

### राजस्थान जल्द कई नीतियों को करेगा लॉन्च

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान जल्द ही कई नीतियां जैसे औद्योगिक नीति, निर्यात प्रोत्साहन नीति, एमएसएमई नीति और एक जिला-एक उत्पाद नीति लॉन्च कर रहा है। राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना के माध्यम से विशेष पैकेज और अनुदान प्रदान कर रहा है। राजस्थान सरकार ने 5 वर्षों में प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निश्चित किया है और हम आपकी सक्रिय भागीदारी से निश्चित तौर पर सफल होंगे।

### डीग में फिर तोड़ी गई बाबा साहब की प्रतिमा, जाटव समाज में आक्रोश

**डीग।** राजस्थान में डीग जिले के कामा कस्बे में नकाबपोश लोगों ने फिर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया है। यह घटना देर रात की बताई जा रही है। इसमें दो लोग शामिल बताए जा रहे हैं। जिसमें एक व्यक्ति इलाके के पार्क के बाहर खड़ा था और दूसरे व्यक्ति ने अंबेडकर पार्क में घुसकर बाबा साहब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया और मौके से फरार हो गया।

## जीएसटी परिषद ने कैंसर की दवाओं व नमकीन पर कर घटाया

**वित्त मंत्री बोलीं- ऑनलाइन गेमिंग से राजस्व 412% बढ़ा**



हमारा समाचार

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कैंसर की दवाओं व नमकीन पर जीएसटी दर घटाने का एलान किया। वित्त मंत्री सीतारमण ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि परिषद ने बैठक के दौरान कई फैसले लिए। वित्त मंत्री ने बताया कि सरकारी संबद्ध शैक्षणिक संस्थानों को जीएसटी से छूट देने का भी फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कैंसर की दवाओं पर भी जीएसटी घटाया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि नमकीन पर जीएसटी दर भी संभावित रूप से कम की गई। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि वाणिज्यिक संपत्तियों को किराए पर देने को रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत लाया गया जाएगा।

### कैंसर की दवाओं पर जीएसटी दर 12% से घटाकर 5% की गई

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कैंसर की दवाओं पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% करने का उद्देश्य कैंसर के इलाज की कुल लागत को और कम करना है। जीएसटी परिषद ने चुनिंदा नमकीन पर कर को 18% से घटाकर 12% करने का फैसला किया है। सीतारमण के मुताबिक, छह महीने में ऑनलाइन गेमिंग रेवेन्यू 412% बढ़कर 6,909 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि दरों को तर्कसंगत बनाने पर जीओएम को स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी। दो स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की गईं जिसमें एक रियल एस्टेट पर और दूसरी दरों के युक्तिकरण से जुड़ी थी। वित्त मंत्री ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो की भी स्थिति भी परिषद् की बैठक के दौरान पेश की गई। उन्होंने कहा कि कसीनो राजस्व में 30% की वृद्धि हुई है। वित्त मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा पर मंत्री समूह अक्तूबर के अंत तक रिपोर्ट पेश करेगा। कयास लग रहे थे कि जीएसटी परिषद की बैठक के दौरान स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी हटाने का फैसला नहीं हुआ है। हालांकि, फिलहाल यह फैसला टल गया है। स्वास्थ्य बीमा पर दर के आकलन के लिए जीएसटी परिषद् ने मंत्रियों का एक समूह बनाया है।

## महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हुआ भारत-अमेरिकी सेना का आज तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास

हमारा समाचार

**बीकानेर।** आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ने के अभियानों के तहत भारत और अमेरिका की सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास सोमवार को बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हुआ। इस युद्धाभ्यास में दोनों सेनाओं के सैनिक अत्याधुनिक हथियारों से लैस होकर अभ्यास कर रहे हैं।
इस युद्धाभ्यास में अपाचे एम 777 और चिनूक हेलीकॉप्टर का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।



इसके साथ ही ड्रोन हमलों से युद्ध की स्थिति में बचाव को लेकर दोनों देशों के सैनिक एक-दूसरे के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे। वहीं, रणनीति और तकनीक के इस्तेमाल से दुश्मन के मंसूबों को नाकामयाब करने का भी अभ्यास करेंगे। इसके साथ ही युद्धाभ्यास के दौरान अमेरिका सेना के आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम का भी इस्तेमाल होगा, जिसकी मारक क्षमता 310 किलोमीटर है और यूक्रेन-रूस युद्ध के दौरान इस रॉकेट सिस्टम का उपयोग किया गया था। सेना प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि यह युद्धाभ्यास 22 सितंबर तक चलेगा।

**दौरा** | राहुल गांधी विपक्ष के नेता के तौर पर पहली बार विदेश दौरे पर, भारतीय स्टूडेंट से बात मुलाकात की

# सब कुछ मेड इन चाइना, इसलिए भारत में रोजगार की दिक्कत : राहुल

### इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पित्रोदा ने कहा- *राहुल के पास विजन, वो पप्पू नहीं*

हमारा समाचार

**टेक्सास।** राहुल गांधी विपक्ष के नेता के तौर पर पहली बार विदेश दौरे पर हैं। वे रविवार को अमेरिका के टेक्सास राज्य पहुंचे। यहां उन्होंने 2 कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। पहले उन्होंने डलास में भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। इसके बाद राहुल गांधी ने सोमवार को यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के छात्रों से भारतीय राजनीति, इकोनॉमी और भारत जोड़ो यात्रा समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। राहुल ने कहा, "भारत में सब मेड इन चाइना है। चीन ने प्रोडक्शन पर ध्यान दिया है इसलिए चीन में रोजगार की दिक्कतें नहीं हैं।" कार्यक्रम में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा, "राहुल गांधी पप्पू नहीं है, वे पढ़े-लिखे हैं और किसी भी मुद्दे पर गहरी सोच रखने वाले स्ट्रैटजिस्ट हैं।" कार्यक्रम में राहुल गांधी ने विपक्ष के नेता के तौर पर जिम्मेदारी, भारत के आर्थिक हालात, रोजगार समेत 6 मुद्दों पर अपनी राय रखी।



### *विपक्ष में अपने रोल...* मेरा काम राजनीति में प्रेम लाना

मेरा रोल संसद में सरकार के खिलाफ बोलना और उन्हें तानाशाह बनने से रोकने तक सीमित नहीं है। मुझे लगता है कि मेरा रोल भारत की राजनीति में प्यार, सम्मान और विनम्रता लाना है। प्यार और सम्मान सिर्फ ताकतवर लोगों के लिए नहीं, बल्कि उन सबके लिए जो देश को बनाने में जुटे हैं। अमेरिका की तरह भारत में भी कोई राज्य दूसरे से सुपीरियर (ताकतवर) नहीं है। कोई धर्म, भाषा किसी दूसरी भाषा से सुपीरियर नहीं है। लोगों के विचारों को उनकी जाति, भाषा, धर्म, परंपरा या फिर इतिहास की परवाह किए बिना जगह दी जानी चाहिए।

### भारत की राजनीति... बोलने से ज्यादा जरूरी सुनना

भारतीय राजनीति में सुनना, बोलने से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। सुनने का मतलब है खुद को दूसरे की जगह पर रखना। अगर कोई किसान मुझसे बात करता है तो मैं खुद को उनके रोजमर्रा के जीवन में शामिल करने की कोशिश करूंगा और समझूंगा कि वे क्या कहना चाह रहे हैं। सुनना बुनियादी बात होती है। इसके बाद किसी मुद्दे को गहराई से समझना होता है। हर एक मुद्दे को नहीं उठाना चाहिए। जिस मुद्दे को हम नहीं उठाना चाहते हैं, उसे भी अच्छी तरह से समझना चाहिए।

### भारत जोड़ो यात्रा...लोगों तक पहुंचना था इसलिए पैदल चला

भारत में कम्युनिकेशन के चैनल बंद हो गए थे। लोकसभा में बोलते थे तो वह टेलीविजन पर नहीं चलता था। मीडिया वह नहीं चलाता था, जो हम कहते थे। सब कुछ बंद था। लंबे समय तक हमें समझ नहीं आ रहा था कि जनता से कैसे बात करें।

### रोजगार...चीन से सीखना चाहिए

पूरी दुनिया में रोजगार की दिक्कत नहीं है। वेस्ट में रोजगार की दिक्कत है। भारत में भी है, लेकिन चीन में नहीं है। वियतनाम में नहीं है। इसका कारण है। 1950 में अमेरिका प्रोडक्शन का सेंटर माना जाता था। टीवी, कार जैसी चीजें सिर्फ यहीं बनती थीं। इसके बाद प्रोडक्शन चीन में होने लगा। भारत में रोजगार की समस्या है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमने प्रोडक्शन पर ध्यान नहीं दिया। भारत में सब कुछ मेड इन चाइना है। चीन ने प्रोडक्शन पर ध्यान दिया है। इसलिए चीन में रोजगार की दिक्कतें नहीं हैं। सिर्फ एक-दो लोगों को सारे पोर्ट्स और सारे डिफेंस कॉन्ट्रैक्ट दिए जाते हैं।

### बाघिन सिद्धि ने तीन शावकों को दिया जन्म



हमारा समाचार

**सवाई माधोपुर।** सवाई माधोपुर स्थित रणथम्भौर नेशनल पार्क से एक बार फिर खुशखबरी आई है और रणथम्भौर में बाघ बाघिन के कुनबे में एक बार फिर से बढ़ोतरी हुई है। इस बार रणथंभौर की बाघिन सिद्धि से यह खुशखबरी मिली है, रणथंभौर में बाघिन सिद्धि टी-125 ने तीन शावकों को जन्म दिया है। नन्हे वाघों की तस्वीर वन विभाग के फोटो ट्रैप कैमरे में कैद हुई है। बाघिन के शावकों को जन्म देने की खबर के बाद वन्यजीव प्रेमियों में खुशी का माहौल है।

## राजस्थान आवासन मंडल में उच्चस्तरीय बैठक

# कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता पर रहे फोकसः वैभव गालरिया

## प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने ली बैठक, आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा सहित अन्य अधिकारी रहे मौजूद

हमारा समाचार

**जयपुर।** मुख्यमंत्री जन आवास योजना हो या अन्य कोई भी निर्माण, राजस्थान आवासन मंडल की प्राथमिकता गुणवत्ता होना चाहिए। ये कहना है प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन विभाग तथा अध्यक्ष राजस्थान आवासन मंडल वैभव गालरिया का। मंडल के बोर्ड कक्ष में आयोजित बैठक में आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



### नीलामी प्रक्रिया, आवंटन में तेजी के साथ बढ़ाएं राजस्व : वैभव गालरिया

### आपसी समझ-समन्वय के साथ सम्पूर्ण किए जाएंगे कार्य : डॉ रश्मि शर्मा

### समबद्धता और गुणवत्ता रहे प्राथमिकताएं: वैभव गालरिया

वैभव गालरिया ने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल की ओर से किए जा रहे सभी कार्य चाहे वो साधारण निर्माण हों या फिर मुख्यमंत्री जन आवास योजना, सभी को समय पर पूरा करने पर फोकस किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा भी ना हो कि तेजी के कारण गुणवत्ता को भूल जाएं। उन्होंने कहा कि समय पर कार्य पूरा करने के साथ ही गुणवत्ता पर भी मंडल को पूरी तरह ध्यान दिया जाना चाहिए।

### समस्याओं को दूर कर समन्वय से करेंगे काम : डॉ रश्मि शर्मा

आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने कहा कि आवासन मंडल में कार्य के दौरान सामने आने वाली समस्याओं को जल्द से जल्द दूर किया जाएगा। साथ ही सभी विभागों से समन्वय बिठाकर हर कार्य को सम्पूर्णता के साथ सम्पन्न किया जाएगा। इसके लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पहले आपस में समन्वय बिठाना होगा। तभी धरातल पर प्रोजेक्ट्स और प्लानिंग को उतारा जा सकेगा। बैठक में सचिव डॉ. अनिल पालीवाल, मुख्य अभियंता प्रथम अमित अग्रवाल मुख्य सम्पदा प्रबंधक प्रवीण अग्रवाल अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर मुख्य अभियन्ता मुख्यालय तेजवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### आगामी प्लानिंग, नीलामी, आवंटन प्रक्रिया पर चर्चा, राजस्व पर सुझाव

बैठक के दौरान वैभव गालरिया ने राजस्थान आवासन मंडल की ओर से किए जाने वाले आगामी निर्माण कार्यों और नीलामी प्रक्रिया को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नीलामी और आवंटन प्रक्रिया में तेजी लाई जानी चाहिए, ताकि आवासन मंडल के राजस्व को बढाया जा सके और आगामी प्रोजेक्ट्स को भी समय पर पूरा करने में मदद मिल सके। साथ ही आमजन या अन्य संस्थाओं की ओर से आने वाले सुझावों पर मंथन किया जाना चाहिए तथा प्रदेश के विकास को लेकर जो भी संभव हो उसे पूरा किया जाना चाहिए। मण्डल अध्यक्ष ने भूमि अधिग्रहण संबंधी लंम्बित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि संबंधित प्रकरण निस्तारित होने के पश्चात योजना बनाकर मुख्यालय भिजवाए।

### सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं वर्षा जल संचयन तकनीको का ईस्तमाल कर पानी को बचाए: वैभव गालरिया

वैभव गालरिया ने कहा कि पौधारोपण में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान को पूर्ण रूप से समर्पित होकर ही सफल किया जा सकता है। इसके लिए मंडल के हर अधिकारी और कर्मचारी को अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। उन्होनें कहा कि इस अभियान की वे खुद अपने स्तर पर सघन मोनिट्रिंग करेगें। इसके साथ ही गालरिया ने कहा कि आवासन मण्डल की समस्त योजनाओं में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं वर्षा जल संचयन तकनीको का ईस्तमाल कर पानी का बेहतर उपयोग किया जाए। इन तकनीको के माध्यम से पानी की बरबादी को रोका जाना सुनिश्चित करें।

# ट्रेनी एसआई के घर एसओजी का सच, पौंन घंटे तक चला सर्च; पैसों के लेनदेन का हिसाब मिला

हमारा समाचार

**जयपुर।** एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में एसओजी को कई अहम सुराग हाथ में लग रहे है। सोमवार को एसओजी टीम रिमांड पर चल रहे ट्रेनी एसआई बिजेंद्र और रितु शर्मा को लेकर झुंझुनूं जिले में उनके घर और अन्य ठिकानों पर लेकर पहुंची। करीब पौन घंटे तक चले सर्च में एक डायरी मिली है। बताया जा रहा है कि इसमें लेनदेन का हिसाब मिला है। एसओजी की टीम ने जब दोनों ट्रेनी एसआई से मौके पर पूछा तो दोनों ने जानकारी होने से इनकार कर दिया। दरअसल, एसओजी की अब की जांच में सामने आया कि एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में आरोपियों का नेटवर्क चिड़ावा से जोधपुर तक फैला है। दोनों ट्रेनी एसआई के घर में हुई सर्च के दौरान एसओजी की दोनों के यहां से एक डायरी मिली हैं। डायरी में पैसों के लेनदेन का जिक्र किया गया हैं। हालांकि दोनों ट्रेनी एसआई ने इस की पुष्टि नहीं की हैं। रिमांड पर चल रहे ट्रेनी एसआई बिजेंद्र और उसकी सहयोगी रितु शर्मा को एसओजी टीम चिड़ावा लेकर गई। यहां टीम ने वार्ड 25 में साधावाली बाड़ी स्थित आरोपी बिजेंद्र और रितु शर्मा के सूरजगढ-सिंघाना तिराहा स्टैंड के पास वार्ड 12 के आवास पर करीब पौन घंटे सर्च किया।

### ट्रेनी एसआई के घर का नक्शा भी बनाया



एसओजी ने इस दौरान ट्रेनी एसआई बिजेंद्र के घर का नक्शा मौका भी बनाया। इस दौरान दोनों आरोपियों के घरों के बाहर पुलिस जाब्ता मौजूद रहा। डायरी बरामद होने के बाद एसओजी की टीम वापस लौट गई। टीम को लीड कर रहे एसओजी अधिकारी सिविल ड्रेस में थे। गौरतलब है कि पिछले दिनों एसओजी की टीम ने ट्रेनी एसआई बिजेंद्र को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पूछताछ में सामने आया था की रितु शर्मा ने एसआई भर्ती परीक्षा का पेपर सॉल्व करवाने में मदद की थी। इसके बदले में उसने परीक्षा सेंटर संचालक को 8 लाख रुपए दिलवाए थे। इसके बाद एसओजी का डर दिखा गिरफ्तारी से बचाने के लिए 10 लाख रुपए दिलवाए थे। 10 लाख रुपए से तीन लाख रुपए का भुगतान रिटायर्ड फौजी ने ऑनलाइन करवाया और सात लाख रुपए रितु को दिए। इसने अपने पूर्व परिचित जोधपुर के परीक्षा सेंटर संचालक से लेनदेन की सारी डील की थी।

# नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

### 16 हजार रुपए का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 3 केन्टर

हमारा समाचार

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त श्रीमती रूकमणि रियाड़ के निदेर्शानुसार उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में ब्रेन टॉवर के सामने मालवीय नगर, गौरव टावर के सामने, जवाहर सर्किल, प्रधान मार्ग मालवीय नगर, आदर्श बाजार व लालकोठी सब्जीमण्डी से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 16 हजार रुपए का कैरिंग चार्ज कर 03 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में ब्रेन टॉवर के सामने मालवीय नगर, गौरव टावर के सामने, जवाहर सर्किल, प्रधान मार्ग मालवीय नगर, आदर्श बाजार व लालकोठी सब्जीमण्डी से अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 03 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 16 हजार रुपए का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।



# बूथ सदस्यता यात्रा का विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया



हमारा समाचार

**चौमूं।** भारतीय जनतापार्टी जयपुर देहात जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा के नेतृत्व में बूथ सदस्यता यात्रा निकाली जा रही है। सदस्यता यात्रा आज चौमूं गढ़ गणेश मंदिर से सुबह 9:15 बजे प्रारंभ होकर टांकरडा, जयसिंहपुरा ,कालाडेरा, कनारपुरा, घिनोई, सबलपुरा, दौलतपुरा, गोरी का बस, हस्तेडा,आष्टी समेत 25 स्थानों आदि अनेक स्थानों का दौरा किया। सभी स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने यात्रा का भव्य स्वागत किया एवं 8800 2024 पर मिस कॉल करके बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बने इस अवसर पर संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी की नीति एवं कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला यात्रा में जिला मंत्री श्रवण सैनी, युवा मोर्चा महामंत्री ओम प्रकाश बुरी, विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुरेश गोदारा, किसान मोर्चा के जिला मंत्री दिनेश सैनी, लालचंद नटवाड़िया, युवा मोर्चा से लालू यादव, अभिषेक शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष उपेंद्र झालानी, वरिष्ठ नेता मुकुट बिहारी योगी, पूरण मंडोलिया आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता यात्रा के साथ रहे। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।

# नाले में मिली युवक की लाश

### हाथ-पैर में पहन रखे थे दस्ताने, बिना बनाए घर से था निकला

हमारा समाचार

**जयपुर।** जयपुर में 8 फीट गहने नाले में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक ने दोनों हाथ-पैरों पर सफेद कलर के दस्ताने पहन हुए थे। वह साथियों को बिना बताए घर से निकला था। पुलिस ने सोमवार दोपहर पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में पानी में डूबने से मौत होना सामने आया है। हेड कॉन्स्टेबल निरंजन ने बताया- मृतक यशराज (24) बिहार का रहने वाला था। वह पिछले करीब डेढ़ साल से रोड नंबर-6 स्थित एक मेटल फैक्ट्री में जॉब करता था। फैक्ट्री में ही बने कमरों में साथियों के साथ रहता था। 5 सितम्बर को रात करीब 8:30 बजे वह अपने साथियों को बिना बताए घर से निकल गया। अगले दिन सुबह फैक्ट्री नहीं आने पर यशराज की इधर-उधर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। दो दिन बाद 7 सितम्बर को सुबह बर्फ फैक्ट्री के सामने 8 फीट गहने नाले में उसका शव पड़ा मिला। नाले में युवक की लाश मिलने का पता चलने पर लोगों में सनसनी फैल गई। विश्वकर्मा थाना पुलिस शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने आधे घंटे की मशक्कत कर नाले से शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान नहीं होने पर शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉच्युरी भिजवाया। रविवार शाम मृतक की पहचान यशराज के रुप में होने पर परिजनों से कॉन्टैक्ट कर बुलाया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि यशराज शराब पीने का आदी थी। 5 सितम्बर की रात बर्फ फैक्ट्री के सामने स्थित नाले के पास से निकलते समय शराब के नशे में गिर गया। बारिश के कारण नाले में भरे पानी में डूबन से यशराज की मौत हो गई। मेटल फैक्ट्री में काम करने के कारण उसने दोनों हाथ-पैरों में सफेद रंग के दस्ताने पहन रखे थे।



### एमएनआईटी जयपुर में 'फंडामेंटल्स ऑफ एच आई ए एंड इट्स एप्लीकेशन' विषय पर एक सप्ताह की अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन



हमारा समाचार

**जयपुर।** द स्कीम फॉर प्रमोशन ऑफ एकेडमिक एंड रिसर्च कोलाबोरेशन (स्पार्क), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एक सप्ताह की अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला (9-13 सितंबर 2024) फंडामेंटल्स ऑफ एच आई ए एंड इट्स एप्लीकेशन विषय पर मालवीय राष्ट्रीय संस्थान जयपुर में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग एमएनआईटी जयपुर, आईआईटी जोधपुर, एनआईटी उत्तराखंड, सुंचोन नेशनल यूनिवर्सिटी दक्षिण कोरिया के सहयोग से आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला स्पार्क योजना के तहत भारत में इस तरह की पहली कार्यशाला है। उद्योग और शिक्षा जगत के दस से अधिक विषय विशेषज्ञ इस कार्यशाला में प्रासंगिक विषयों पर व्याख्यान देंगे। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता दक्षिण कोरिया के सुंचोन नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर शि-हून चोई ने अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने एमएनआईटी के साथ अनुसंधान गतिविधियों एवं विकास कार्यों के लिए आगे सहयोग का आश्वासन दिया। प्रोफेसर शि-हून चोई एमएनआईटी में उपलब्ध अनुसंधान सुविधाओं से प्रभावित हुए। एमएनआईटी के निदेशक प्रोफेसर एन पी पाढ़ी ने प्रोफेसर शी हून चोई का स्वागत किया और अनुसंधान में एमएनआईटी के योगदान के बारे में बताया। प्रोफेसर दिलीप शर्मा, डीन इंटरनेशनल और एलुमनाई अफेयर्स, एमएनआईटी ने एमएनआईटी द्वारा दाखिल किये गए पेटेंट्स के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला के समन्वयक प्रोफेसर अमर पटनायक को कार्यशाला से काफी उम्मीदें हैं, उन्होंने कहा की इस कार्यशाला से इस विषय पर रिसर्च के नए रास्ते खुलेंगे।कार्यक्रम की मेजबानी एनआईटी उत्तराखंड के डॉ. विकास कुकशल ने की। धन्यवाद ज्ञापन आईआईटी जोधपुर के डॉ. जयवीर सिंह ने किया। इस कार्यशाला में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली और राजस्थान के मल्टी डिसिप्लिनरी/इंटर डिसिप्लिनरी क्षेत्रों के शोधकर्ता भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों में 17% से अधिक महिलाएँ हैं। प्रतिभागी आईआईटी दिल्ली, एनआईटी तिरूचिराप्पल्ली, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, एनएसयूटी - दिल्ली, सीएसआईआर-सीएमईआरआई दुगार्पुर, बिट्स पिलानी, एनआईटी उत्तराखंड और एमएनआईटी जयपुर से हैं।कार्यशाला का विषय हाई एन्ट्रॉपी अलॉय रक्षा, विमान, एयरोस्पेस, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, पावर प्लांट और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों में अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र है। क्यूंकि हाई एन्ट्रापी एलाय वाले पदार्थों में उच्च तापमान पर काम करने की विशिष्ट क्षमता होती है। कार्यशाला के दौरान शोधकर्ता, उपकरणों की दक्षता और प्रदर्शन में सुधार के लिए हाई एन्ट्रापी एलाय के उपयोगों का पता लगाने के लिए विचार-मंथन करेंगे। इससे भारतीय स्टार्टअप्स को स्वदेशी उत्पाद विकसित करने के लिए नए समाधान पता लगाने में मदद मिलेगी। यह कार्यशाला अनुसंधान के माध्यम से विकसित भारत 2047 की दिशा में एक कदम है। इस कार्यशाला से भारतीय उद्योगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग द्वारा नए उत्पाद विकसित करने में मदद मिल सकती है।


**फैसला** | **खर्रा ने कहा- सरकार जिसे उचित समझेगी उस पार्षद को मेयर का चार्ज देगी**

# मंत्री बोले-चालान पेश होते ही मेयर मुनेश को हटा देंगे

### HC ने दो सप्ताह में चालान पेश करने के लिए कहा

हमारा समाचार

**जयपुर।** जयपुर हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर को पद से हटाने की तैयारी की जा रही है। मेयर के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति के बाद सरकार कभी भी इस पर फैसला ले सकती है। चालान पेश होते ही पद से निलंबित कर दिया जाएगा। दरअसल, सोमवार को यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा अपने आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। खर्रा बोले- जैसे ही एसीबी मेयर के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश करेगी, उसके साथ ही मेयर को उनके पद से निलंबित कर दिया जाएगा। मुनेश गुर्जर को उनके पद से हटाने के बाद मौजूदा पार्षदों में से किसी एक को सरकार 60 दिन के लिए अस्थायी तौर पर मेयर का चार्ज सौंप देंगी।



### जयपुर में एक निगम के फैसले में अभी समय

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि जयपुर में दो निगम रहेंगे या एक। इसका फैसला होने में अभी समय हैं। उन्होंने कहा कि अभी दोनों निगम का कार्यकाल शेष है। जब दोनों निगम का कार्यकाल पूरा हो जाएगा, उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा।

### सरकार जिसे उचित समझेगी चार्ज देगी

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मेयर का पद जिस वर्ग के लिए आरक्षित है। उस वर्ग के किसी पार्षद को 60 दिन के लिए कार्यवाहक मेयर बनाया जाएगा। इस पर जब उनसे सवाल किया- हेरिटेज में कांग्रेस का बोर्ड है तो क्या कांग्रेस के किसी पार्षद को भी चार्ज दिया जा सकता है इस पर मंत्री ने जवाब दिया- सरकार जिसे उचित समझेगी उस पार्षद को मेयर का चार्ज देगी। वहीं 60 दिन बाद में कार्यवाहक मेयर का चार्ज बढ़ाया जाएगा या चुनाव होंगे, इसका फैसला राज्य चुनाव आयोग करेगा। दरअसल, हाईकोर्ट ने मेयर मुनेश के अभियोजन पर 3 सितंबर को डीएलबी से पूछा था कि अभी तक विभाग ने निर्णय क्यों नहीं लिया। निदेशक से 9 सितंबर को हाजिर होकर जवाब मांगा था। इससे एक दिन पहले ही डीएलबी की ओर से मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति जारी कर दी गई।

### हाई कोर्ट ने कहा 2 सप्ताह में चालान पेश करें


हाई कोर्ट में आज सरकार की ओर से कहा गया कि हमने मुनेश गुर्जर के खिलाफ 6 सितम्बर को अभियोजन स्वीकृति जारी कर दी हैं। जिसके बाद हाई कोर्ट ने सरकार के जवाब को रिकोर्ड पर लेते हुए प्रकरण की सुनवाई दो सप्ताह बाद रखी हैं। याचिकाकर्ता सुधांशु सिंह के अधिवक्ता अनुराग शर्मा ने बताया कि कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा है कि एसीबी दो सप्ताह में चालान की कार्रवाई को भी पूरा करें। दरअसल, पिछली सुनवाई पर कोर्ट ने 10 महीने बाद भी अभियोजन स्वीकृति पर फैसला नहीं लेने डीएलबी डायरेक्टर को पेश होने के लिए कहा था। ऐसे में सरकार ने सुनवाई से पहले अभियोजन स्वीकृति जारी कर दी।

# बेहद प्रसिद्ध है सांभर झील में स्थित मां शाकंभरी देवी का मंदिर

## आज निकलेगी सांभर शाकंभरी माता की पदयात्रा, शुक्ल पक्ष अष्टमी बुधवार 11 सितंबर को लगेगा विशाल मेला

हमारा समाचार

**सांभर लेक।** शाकंभरी माता का मंदिर राजधानी जयपुर से करीब 90 किमी दूर नमक की सबसे बड़ी सांभर झील के बीच स्थित है। यहां साल भर श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। खासकर चैत्र और अश्विन के नवरात्रि के अवसर पर देशभर से श्रद्धालु माता का आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। चौहान वंश के राजपूत शाकंभरी माता को कुलदेवी के रूप में पूजते हैं। किसी भी मांगलिक कार्य पर माता का आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं।इसके अलावा अलग-अलग समाज के लोग भी देवी की कुलदेवी के रूप में पूजते हैं। यहां भाद्रपद महीने में शुक्ल पक्ष की अष्टमी को विशाल वार्षिक मेला लगता है। जो इस बार 11 सितंबर बुधवार को लगेगा। हर वर्ष की भाती इस बार भी फूल मालियांन बालाजी के मंदिर सांभर से शाकंभरी माता की पदयात्रा मंगलवार 10 सितंबर को देवी उपासक बन्नाराम सैनी के नेतृत्व में किशन गढ़वाल, कालीचरण सैनी द्वारा निकाली जाएगी। जिसमें सैकड़ो पदयात्री शामिल होंगे। इसके अलावा पौष महीने की पूर्णिमा को माता का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस दिन भी देशभर से माता के भक्त यहां आते हैं। मान्यता है कि देवी शाकंभरी पहाड़ से निकली हैं और उन्हीं के आशीर्वाद से नमक की सबसे बड़ी सांभर झील का निर्माण हुआ था।



### पल भर में बेशकीमती खजाना बन गया नमक

स्थानीय लोगों के अनुसार छठी शताब्दी में चौहान वंश के राजा वासुदेव की भक्ति से प्रसन्न होकर माता शाकंभरी ने उन्हें मनचाहा वरदान मांगने को कहा था। इस पर उन्होंने माता से धन-धान्य का भंडार मांग लिया। देवी ने उन्हें कहा कि वह जितनी दूर तक अपना घोड़ा दौड़ाएंगे, वहां तक चांदी की खान बन जाएगी। साथ ही देवी ने शर्त रखी कि इस दौरान उन्हें पीछे मुड़कर नहीं देखना है। राजा वासुदेव ने काफी देर तक घोड़ा दौड़ाया तो पूरा इलाका चांदी की खान में बदल गया। जैसे ही उन्होंने पीछे मुड़कर देखा यह प्रक्रिया रुक गई। जब राजा वासुदेव की माता को इस बात का पता चला तो उन्होंने राजा को समझाया कि इतनी संपदा के लिए भीषण मारकाट मचेगी और कोई भी सुखी नहीं रह पाएगा। इस पर राजा ने देवी शाकंभरी से फिर से विनती की और माता ने पूरे इलाके को चांदी की बजाए नमक में बदल दिया, इसीलिए नमक को कच्ची चांदी भी कहते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार देवी के आशीर्वाद से ही इस झील का निर्माण हुआ है। देवी शाकंभरी को वनस्पति और प्रकृति की देवी के रूप में भी पूजा जाता है। माता को हरी सब्जियां और फल का विशेष भोग लगाया जाता है। यहां आने वाले भक्त नारियल, मावे और अन्य मिठाई के साथ हरी सब्जियां और फल भी माता को चढ़ाते हैं।

### जहांगीर ने भी माना था माता की शक्ति का लोहा

स्थानीय लोगों के अनुसार एक बार मुगल बादशाह जहांगीर की सेना मंदिर को ध्वस्त करने आई थी, लेकिन मधुमक्खियों के झुंड ने सेना पर हमला कर और उन्हें वापस जाना पड़ा। जब यह खबर जहांगीर तक पहुंची तो उसे भरोसा नहीं हुआ। वह खुद माता के मंदिर पहुंचा। उसने मंदिर में जल रही ज्योत पर लोहे के 7 मोटे तवे रखवा दिए, लेकिन इनको पार करके भी ज्योत जलने लगी। ये देख बादशाह जहांगीर नतमस्तक हो गया। उसने झील के बीच स्थित पहाड़ी पर एक छतरी का निर्माण करवाया, जिसे आज भी जहांगीर की छतरी कहा जाता है।

### कांच का गर्भगृह, लगे हैं सीसीटीवी कैमरे

शाकंभरी माता के इस मंदिर का निर्माण के बाद यहां जीर्णोद्धार और पुनर्निर्माण के कार्य होते रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां जयपुर और जोधपुर के राजपरिवारों ने भी कई निर्माण करवाए, जो आज भी सुरक्षित हैं। श्री शाकंभरी माता मंदिर प्रबंधन न्यास के सचिव अरुण व्यास ने बताया कि मंदिर के गर्भगृह में कांच की आकर्षक कारीगरी की गई है। इसके अलावा मंदिर परिसर में सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं, ताकि मंदिर परिसर और यात्रियों की सुरक्षा पुख्ता की जा सके।

### माता के बाद भैरवनाथ के दर्शन की परंपरा

देवी शाकंभरी के मंदिर के ठीक सामने स्थित है लाखड़िया भैरव बाबा का मंदिर, ऐसा माना जाता है कि बाबा भैरवनाथ के दर्शन के बिना देवी के दर्शन अधूरे होते हैं। इसलिए माता शाकंभरी के मंदिर में आने वाले भक्त भैरवनाथ के मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लेते हैं। इस मंदिर का भी पुनर्निर्माण हाल ही में करवाया गया है। माता के मंदिर से यहां तक पहुंचने का रास्त झील में से होकर बनाया गया है।

# श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर रैवासा धाम के वेदांती डॉ. स्वामी राघवाचार्य को श्रद्धांजलि दी

हमारा समाचार



**चौमूं।** सभा की अध्यक्षता कर रहे मंहत महा मंडलेश्वरहरि कृष्ण दास ग्वालिया ने बताया कि महाराज का बचपन से ही आध्यात्मिक की ओर बड़ा झुकाव था। इसी कारण से वह संत समागम की ओर बढ़ते गए। वेदांत की शिक्षा पूरी करने के बाद 25 फरवरी 1984 को जानकीनाथ बड़ा मंदिर अग्रदेवाचार्य रैवासा पीठ के पीठाधीश्वर पद पर आसीन हुए। सदैव सामाजिक, धार्मिक, पर्यावरण सुधार आदि के कार्यों को गति व नई दिशा देने का काम किया। शिक्षा के क्षेत्र में काम करते हुए उन्होंने राजस्थान में संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना में महत्व पूर्ण भूमिका निभाई, जो भारतीय संस्कृति के लिए बहुत बड़ी सौगात बनी। महाराज ने गौ सेवा के लिए हमेशा कार्य करते हुए आमजन को प्रेरित किया। जिसका नतीजा है कि क्षेत्र में अनेक गौशालाओं का निर्माण हुआ। ऐसे में महाराज के जीवन से प्रेरणा लेकर देशहित में कार्यों को आगे बढ़ाना होगा। तभी महाराज को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित होगी सुरेश शास्त्री ने कहा कि स्वामी डॉ. राधवाचार्य महाराज का जीवन गायों और प्राणियों की सेवा के व्यतित हुआ है। उन्होंने अपने जीवन काल में प्रदेशभर में अनेक गोशालाओं का निर्माण करके गोशालाओं को अनेक तरह के उत्पाद के साथ आत्मनिर्भर बनाया। जिसकी नतीजा है कि वर्तमान में गोशालाओं के कुशल संचालन से गायों को सुविधाएं मिल रही है। साथ ही बच्चों के लिए शिक्षण संस्थान, संस्कृति शिक्षा को बढ़ावा देने, क्षेत्र के विकास आदि कार्यों में उनका बहुत बड़ा सराहनीय योगदान रहा है। इस योगदान से महाराज अजर अमर हुए है। ऐसे में आमजन को उनके पदचिह्नों पर चलकर गायों और आमजन की सेवा करनी चाहिए। श्रद्धांजलि सभा मे एमजेएफ चेयरपर्सन कैलाश राज सैनी, सैनी समाज अध्यक्ष घीसालाल सैनी, हरभजन सैनी (ठेकेदार) पंडित सतीश शर्मा, सांवरमल जाट, आदि जनप्रतिनिधियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# द डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन का सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन



हमारा समाचार

**कानोता।** डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन कलेक्ट्रेट परिसर बनीपार्क जयपुर द्वारा अधिवक्ता सामुहिक गोठ व भामाशाह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे मंजू शर्मा जयपुर शहर सांसद , ग्यारसी लाल मीना जिला न्यायाधीश सर्वंग/चेयरमैन न्यायालय जिला उपभोक्ता आयोग जयपुर द्वितीय का अध्यक्ष गजराज सिंह राजावत महासचिव ,अखिलेश जोशी ( कोठी ) दि डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यगणो द्वारा माला व साफा पहनाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया इस दौरान कार्यक्रम मंजू शर्मा जयपुर शहर सांसद ने कहा कि अधिवक्ताओं समुदाय के बीच में आकर मुझे मेरे पिता स्व श्रद्धेय भंवर लाल शर्मा पूर्व मंत्री व अधिवक्ता थे अधिवक्ता भाईयों व बहनों के साथ हूं सांसद कोटे से चैम्बरो के लिए अनुमानित राशि की घोषणा की ओर कहा कि हर कदम पर आपके साथ खड़ी हूं। कार्यक्रम अधिवक्ता सामुहिक गोठ में ग्यारसी लाल मीना जिला न्यायाधीश सर्वंग चेयरमैन ने बताया कि बार व बेंच का मधुर सम्बन्ध बना रहे अधिवक्ता समुदाय पर आमजन का विश्वास बना रहता है अधिवक्ताओं को न्यायालय से आमजन को शीघ्र न्याय दिलवाना चाहिए। दि डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जयपुर अधिवक्ता सामुहिक गोठ व भामाशाह सम्मान समारोह कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष विवेक शर्मा, सुनिल शर्मा, शम्भूदयाल गोठवाल सुरेश चंद्र मीना, योगेन्द्र सिंह बडियाल , राजेश मीना मनोनीत सदस्य एडवोकेट्स व कर्मचारी व आमजन ने उपस्थित रहे।

### अविनाश कुमार बने राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फैडरेशन के जिला महामंत्री



हमारा समाचार

**बस्सी।** सोमवार को नगर पालिका कर्मचारी फैडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष भागचन्द के निदेर्शानुसार संयोजक रिछपाल चौधरी की अनुशंसा पर जयपुर कार्यालय मे सर्वसम्मति से बस्सी नगर पालिका के कनिष्ठ अभियन्ता पद पर पदस्थापित अविनाश कुमार को जयपुर जिला नगर पालिका कर्मचारी फैडरेशन का जिला महामंत्री पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया इस दौरान नगरपालिका फैडरेशन के सदस्य उपस्थित रहे।

# गिरदावरी एप में आ रही समस्या से समाधान के लिए एडीएम को ज्ञापन



हमारा समाचार

**दूदू।** जिला मुख्यालय पर राजस्थान सरकार की ओर से तैयार करवाए गए किसान गिरदावरी एप में आ रही परेशानियों के समाधान और संशोधन को लेकर 22 अगस्त को भू प्रबंधन अधिकारी की अध्यक्षता में लिखित में सहमति प्रदान की गई थी परंतु अभी तक ऑनलाइन गिरदावरी एप में संशोधन नहीं होने के चलते पटवारी को ऑनलाइन गिरदावरी के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है इसे देखते हुए सोमवार को राजस्थान पटवार संघ जिला अध्यक्ष दूदू गिर्राज चौधरी के नेतृत्व में पटवारियो के प्रतिनिधि मंडल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार को जिला कलेक्टर दूदू के नाम ज्ञापन सोपा। इस दौरान पटवार मंडल के पटवार मंडल के समस्त पटवारी मौजूद रहे।

# 5th जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित



**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज दो दिवसीय 5ध् जिला योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन ओपनिंग सेरेमनी के अवसर पर बियानी ग्रुप आफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ राजीव बियानी, पतंजलि किसान सेवा समिति से शीशराम, योगासन के जिला सचिव अभिषेक नरूका, ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान चैंपियनशिप डायरेक्टर प्रियंका गौतम, अभिषेक नरूका, वसुधा राजावत, स्वर्ण समाज जयपुर के अध्यक्ष मनोज सोनी, राकेश सोनी राकेश ज्वेलर्स उपस्थित रहे जिसमें तीन बच्चों ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया ।सिल्वर मैडल विजेता ज्योति, अंजली दीप्ति रही। कार्यक्रम के दौरान बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ राजीव बियानी ने बताया योग जीवन का आधार है हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए योग से शारीरिक और मानसिक दोनों विकास होते हैं। बियानी ग्रुप कॉलेज के योग विभाग कीँ ङ्गराधिका ने बताया कि अभी पांचवी जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है आगे राज्य स्तरीय और नेशनल भी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

**वेतन बढ़ाने की कर रहे हैं मांग** | **कंपनी संचालक के खिलाफ की जमकर नारेबाजी**

# मयूर यूनिकोटस कंपनी के मजदूरों ने किया विरोध

## गोविंदगढ़ पुलिस के थाना प्रभारी मय जापता लेकर पहुंचे मौके पर, कंपनी के प्रशासन पर लगाया अनियमिताओं का आरोप

हमारा समाचार



**चौमूं।** ग्राम ढोढसर के सिंगोद रोड स्थित मयूर यूनिकोटस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मजदूरों ने सोमवार को कंपनी के संचालक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया कंपनी में काम करने वाले मजदूरों ने वेतन बढ़ाने की मांग की सूचना मिलने पर गोविंदगढ़ पुलिस थाना प्रभारी हेमराज सिंह मय जापता मौके पर पहुंचे मौके पर मयूर यूनिकोटेक्स कंपनी का प्रशासन एवं गोविंदगढ़ पुलिस मजदूरों से समझाने का प्रयास किया लेकिन मजदूर अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं मजदूरों ने आरोप लगाते हुए कहा कि कंपनी संचालक की ओर से ना ही मजदूरों का समय पर वेतन बढ़ाया जाता है और ना ही इंक्रीमेंट बढ़ाया जाता है जिससे मजदूरों को घर खर्च चलाने में काफी परेशानी हो रही है मजदूरों ने अपनी न्यूनतम मजदूरी 18000 रुपए करने प्रत्येक वर्ष 4000 इंक्रीमेंट बढ़ाने प्रत्येक वर्ष एग्रीमेंट अप्रैल महीने मैं मिलना चाहिए 3 वर्ष का कार्य पूर्ण होने पर कंपनी में ओनरोल करने महंगाई भत्ता दिलवाले कि मांग को लेकर कंपनी में काम करने वाले मजदूर विरोध प्रदर्शन करते हुए कंपनी के बाहर धरना प्रदर्शन पर बैठ गए धरना प्रदर्शन मे राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव व पंचायत समिति सदस्य संपत चौधरी ने कहा कि वेतन और इंक्रीमेंट बढ़ाने की मांग को लेकर पहले भी अवगत करवाया जा चुका है। लेकिन मजदूरों की समस्या का समाधान नहीं हुआ है इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य गोगराज देवदा, पूर्व कृषि उपज मंडी समिति सदस्य गोगराज घोसलिया, कांग्रेस नेता राजेंद्र नागर, एडवोकेट रामदेव घोसलिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गिर्राज देवदा, मजदूर यूनियन के अध्यक्ष मुकेश बिजारणिया व लालमन प्रजापत, मजदूर यूनियन के सदस्य दीपक कुमावत, कृष्ण मीणा, ज्ञानेंद्र सिंह, शिवराज सिंह, सुभाष नागर, श्रवण सैनी, भोलाराम यादव, कैलाश बाजिया, सुनील कुमावत, सुनील कुमावत, पप्पू यादव, दीपक कुमावत सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# व्यापार महासंघ अध्यक्ष के लिए चार लोगों ने किया नामांकन



हमारा समाचार

**सांभर लेक।** सांभर कस्बे में व्यापार महासंघ चुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन दाखिल किए गए। मुख्य चुनाव अधिकारी रामदेव गुर्जर ने बताया कि सोमवार को नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद हेतू 4, उपाध्यक्ष पद हेतू 2, कोषाध्यक्ष पद हेतू 2, तथा सचिव पद हेतू 2 व्यक्तियों ने नामांकन दाखिल किया। चुनाव कमेटी के सदस्य मनोहर लाल कुमावत व चंद्रप्रकाश सैनी ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतू हिमांशु व्यास, मनमोहन शर्मा, विनोद कुमार गट्टानी, बृजमोहन सोनी, उपाध्यक्ष पद हेतू हीरालाल तंवर, देवकरण सैनी, कोषाध्यक्ष पद हेतू हनुमान प्रसाद कुमावत, सुभाष चंद सैनी, तथा सचिव पद हेतू बनवारी लाल सिंघानियां, भंवर लाल कुमावत ने नामांकन दाखिल किया हैं। आवेदकों के आवेदन की समीक्षा की जाएगी। वहीं 11 सितंबर को नाम वापसी का अंतिम दिन है। ओर 15 सितंबर रविवार को व्यापार महासंघ के विभिन्न पदों लिए चुनाव का मतदान किया जाना है। ओर उसी दिन मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाने हैं। चुनावों को लेकर व्यापारियों में भी उत्साह नजर आ रहा है।

# जामः उप जिला अस्पताल में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से लगता है जाम



हमारा समाचार

**सांभर लेक।** कस्बे के राजकीय उप जिला अस्पताल के सामने अस्पताल में आने वाले व्यक्तियों द्वारा अपने वाहनों को खड़े कर देने से अस्पताल का मुख्य द्वार ब्लॉक हो जाता है और रोड पर आए दिन जाम लगा रहता है।जिससे गंभीर बीमार और दुर्घटना में घायल व्यक्ति को लाने वाली एंबुलेंस और वाहनों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। गौरतलब हैं कि पूर्व में मरीज अपने वाहन अस्पताल के अंदर पार्क किया करते थे जिसके कारण अस्पताल परिसर में काफी अव्यवस्था बनी रहती थी। जिसके बाद अस्पताल प्रशासन ने सभी बाहरी वाहनों को अस्पताल के अंदर पार्किंग के लिए निषेध कर दिया।अब मरीज के साथ आए परिजन अपने वाहनों को अस्पताल के सामने आड़े तिरछे खड़े खड़ा कर देते है। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है एंबुलेंस के साथ मरीजों को बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगो में अस्पताल के आस पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से पालिका प्रशासन के खिलाफ खासी नाराजगी है।

# सांभर से अजमेर के बीच एक ही बस के होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

हमारा समाचार

**सांभरलेक।** सांभर से अजमेर मार्ग पर रोडवेज की एक ही बस होने से सांभर लेक एवं आसपास की जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा सांभर को पर्यटन का दर्जा देने के बाद भी पर्यटक और स्थानीय यात्रियों के सुविधा के लिए आवागमन के साधनों की भारी कमी है। मजबूरीवश यात्रियों को निजी टेंपो और जीप के द्वारा दूदू जाकर अजमेर के लिए बस पकड़ना पड़ रहा है जिस कारण समय और धन दोनों की बबार्दी हो रही है। गौरतलब है कि कोरोना काल के पूर्व में यहां से अजमेर के लिए पांच बस संचालित होती थी लेकिन कोरोना काल बीत जाने के उपरांत भी बसों का संचालन पुनः प्रारंभ नहीं किया गया। जिससे इस रूट पर पड़ने वाले सांभर और नरेना के आसपास के क्षेत्र के लोगों को परेशानी उठानी पड़ती। श्रीमाधोपुर से अजमेर वाया सांभर एक मात्र बस होने से उसमे यात्री बार अधिक होने के कारण यात्रियों को भारी असुविधा होती है कस्बे वासियों की सरकार से मांग है की कोरोना काल से पूर्व की तरह ही सांभर से अजमेरी के मध्य रोडवेज बसों का संचालन किया जाकर आमजन को हो रही परेशानी से राहत दिलवाए।

# स्नातकोत्तर सेमेस्टर प्रथम के ऑनलाइन फॉर्म प्रारंभ

हमारा समाचार

**पाटन।** राजकीय महाविद्यालय पाटन के स्नातकोत्तर हिंदी प्रथम सेमेस्टर के ऑनलाइन फॉर्म प्रारंभ हो गए हैं साहित्य में प्रवेश ऑनलाइन के इच्छुक विधार्थी अपने नजदीक ईमित्र कियोस्क पर जाकर आवेदन फार्म भरें। आवेदन करने की अंतिम तिथि 11/9/2024 है। महाविद्यालय में 60 सीट आवंटित हैं। आवेदनपत्र के लिए स्नातक प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की अंकतालिका, जाति प्रमाण पत्र, फोटो, जन आधार कार्ड, खेलकूद, राष्ट्रीय सेवा योजना, एन सी सी, स्काउट गाइड इत्यादी प्रमाण पत्र (जो लागू हों) की आवश्यकता होगी। TC& CC की आवश्यकता प्रवेश सूची में नाम आने पर होगी। किसी प्रकार की जानकारी हेतु नोडल अधिकारी प्रवेश समिति किरण यादव, सहायक आचार्य से महाविद्यालय में संपर्क करें। आज तक आवेदन फार्म की संख्या बहुत कम है।आवेदक किसी भी संकाय से स्नातक हो सकता है। अभी तक विश्वविद्यालय से बी.ए तृतीय वर्ष की अंक तालिका जारी नहीं हुई हैं अत विधार्थी ऑनलाइन अंक तालिका निकालकर फार्म भरें।

# दशलक्षण पर्व उत्तम मार्दव धर्म की हुई पूजा अर्चना जीवन में मधुरता लाना ही मार्दव धर्म सिखाता है

**बगरू।** कस्बे के आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में आचार्य नवीननन्दी महाराज के सानिध्य में उत्तम मार्दव धर्म की पूजा अर्चना के साथ प्रातः 7 बजे श्रीजी अभिषेक एवं शान्तिधारा हुई प्रातः 11 बजे सामूहिक संगीतमय पूजा अर्चना प्रारभ्भ हुई एवं दशलक्षण पर्व के द्वितीय दिवस पर नवीननन्दी महाराज द्वारा उत्तम मार्दव धर्म पर प्रकाश डालते हुये प्रवचनो में बताया कि अक्सर धन-दौलत, शानो-शौकत इंसानी को अभिमानी बना देता है, ऐसा व्यक्ति दूसरो को छोटा एवं अपने आप को सर्वोच्च समझने की गलती कर बैठता है। इसलिये सबसे विनम्र भाव से पेश आये, सब जीवों के प्रति मैत्री भाव रखे, क्योकि सभी जीवो को जीवन जीने का अधिकार है। मार्दव धर्म हमे अपने आपकी सही वृत्ति को समझने का जरिया है। शाम को मन्दिर में महाआरती एवं भक्ताबर पाठ का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर जैन समाज अध्यक्ष आशीष चौधरी, सचिव संजीव पाटनी उपाध्यक्ष दीपक बिन्दायका, नवीन सेठी, संदीप चौधरी, निखिल चौधरी, रोहित पाटनी, पंकज पाटनी, मनोज पाटनी, दीपक चौधरी, कुलदीप चौधरी, महावीर प्रसाद पाटनी, कन्हैयालाल काला, रूपचन्द गंगवाल, रमेश ठोलिया एवं चेतना जागृति महिला मण्डल से प्रियंका, शिल्पी, रितु, मोनिका, वर्षा, संजना, मन्जू, प्रतिभा, आरती, रूपरानी, नेमीनाथ युवा मण्डल के सदस्यो बढ चढकर भाग लिया।

## मुद्दा

# युद्ध के समाधान की उम्मीद

रूस-यूक्रेन के बाद इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने युद्ध को समाप्त कराने में भारत की भूमिका पर जोर दिया है। मेलोनी के इस बयान ने ढाई साल से चले आ रहे युद्ध की समाप्ति की संभावनाएं जगाई हैं। युद्ध समाप्त होना आज की तारीख में सबसे ज्यादा जरूरी सवाल है।



रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में भारत की भूमिका को अब पूरी दुनिया का समर्थन मिलने लगा है। खुद रूस-यूक्रेन और इससे पहले पश्चिमी देशों की उम्मीद के बाद अब इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने में भारत की भूमिका पर जोर दिया है। उन्होंने एक बयान में भारत और चीन की रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने में अहम भूमिका की बात कही। इटली की पीएम मेलोनी ने शनिवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकत के बाद यह बयान दिया है। मेलोनी ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के समाधान में भारत और चीन भूमिका निभा सकते हैं। मेलोनी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत का नाम उन तीन देशों में शामिल किया, जिनके साथ वह यूक्रेन संघर्ष को लेकर संपर्क में हैं और कहा है कि वे इस मुद्दे को सुलझाने ईमानदारी से प्रयास कर रहे हैं।

पुतिन ने कहा था कि यूक्रेन पर संभावित शांति वार्ता में चीन, भारत और ब्राजील मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। व्लादिमीर पुतिन ने ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में यह महत्वपूर्ण संकेत दिया है कि अगर यूक्रेन चाहे तो वह बातचीत की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। उनके इस बयान ने ढाई साल से चले आ रहे इस युद्ध की समाप्ति की संभावनाएं जगाई हैं। इसके साथ ही एक स्तर पर रूस की इस पेशकश को भारत के अब तक के स्वतंत्र और संतुलित नजरिए की पुष्टि के रूप में भी देखा जा सकता है। पिछले दो माह के अंदर रूस और यूक्रेन दोनों देशों की यात्रा पर जाने वाले पीएम मोदी दुनिया के एकमात्र प्रमुख नेता हैं। पुतिन और जेलेंस्की दोनों से मुलाकात में उन्होंने भारत को शांति का पक्षधर बताते हुए बातचीत शुरू करने का सुझाव दिया था। पुतिन से पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की भी भारत से शांति प्रक्रिया को बढ़ावा देने का परोक्ष आग्रह करते हुए कह चुके हैं कि उसे अगले शांति सम्मेलन की मेजबानी करनी चाहिए। शुरू से भारत का यह स्पष्ट मत रहा है कि शांति की राह तभी खुल सकती है जब दोनों ही पक्ष तैयार हों और इस प्रक्रिया में भागीदारी करें।

रूसी राष्ट्रपति का ताजा बयान निश्चित रूप से एक पॉजिटिव डिवेलपमेंट है, लेकिन यह महज शुरुआत है। हां, अगर यूक्रेन का रुख भी पॉजिटिव रहा तो दोनों पक्षों की सहमति बात को आगे बढ़ाने का ठोस आधार जरूर मुहैया करा सकती है। युद्ध के तनाव भरे माहौल में यह बदलाव पीएम मोदी की यूक्रेन यात्रा के बाद आया है। प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन यात्रा से पहले बड़ा सवाल यह था कि क्या उनकी मास्को यात्रा पर पश्चिमी देशों की नाराजगी के बाद भू-राजनीतिक क्षति नियंत्रण की कवायद है और क्या यह भारत के पश्चिमी साझेदारों को संदेश है कि भारत रूस के पक्ष में नहीं है। अब जब यह यात्रा समाप्त हो चुकी है, यह अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है कि इस यात्रा ने मास्को को कई संदेश दिया है। जितनी जल्दी दूसरे देश युद्ध के खिलाफ आएंगे, समाधान भी उतनी ही जल्दी मिल सकेगा। यह मायने नहीं रखता कि युद्ध किसकी वजह से रुका।

### पंचांग



9 सितंबर 2024 दिन सोमवार भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष सस्ती तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत 1944, **राहु काल**:- प्रातः 7:30 से 9, **सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**:- सूर्य सिंह राशि में चंद्र तुला राशि में दोपहर बाद वृश्चिक राशि में मंगल मिथुन राशि में बुध सिंह राशि में गुरु वृषभ राशि में शुक्र कन्या राशि में शनि कुंभ राशि में राहु मीन राशि में और केतु कन्या में रहेगा, **सूर्य उदय कालीन नक्षत्र विचार**:- सुबह प्रातः काल तुला राशि का नक्षत्र विशाखा का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा दोपहर 12:00 वृश्चिक राशि का नक्षत्र विशाखा का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा शाम 7:00 बजे वृश्चिक राशि का नक्षत्र अनुराधा का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा, **योग**:- वैधृति **करण**:- कौलव, **नक्षत्र के अनुसार राशि नाम अक्षर**:- ते तो ना, **आराधना का मंत्र** :-ॐ इन्द्रान्गी आगत गवं सुतं गार्भिर्नमो वरेण्यम । अस्य पात घियोषिता ।

### राशिफल
**पं. अरविंद तिवारी**

**मेष**- समय शानदार है मन प्रसन्न रहेगा कामकाज की स्थिति बढ़िया रहेगी प्रेम संबंध सुधरेंगे।

**तुला**-समय की अनुकूलता आज बेहद शानदार बनी रहेगी लोग आपकी प्रशंसा करेंगे विरोधी पक्ष कमजोर रहेंगे।

**वृषभ**-ग्रहों की अनुकूलता लगातार आपके पक्ष में बढ़ रही है इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने आवश्यक कार्यो को तेजी से संपन्न कर ले।

**वृश्चिक**-समय आज से सामान्य हो रहा है मन प्रसन्न रहेगा कामकाज में रुचि बढ़ेगी प्रेम संबंध सुधरेंगे।

**मिथुन**-समय आज बेहद शानदार बना हुआ है कार्यक्षेत्र मजबूत रहेगा अन्य कार्यों से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु**- समय आज बेहद कमजोर है सुख में कमी आ सकती है कामकाज में बाधाएं उत्पन्न होंगी धैर्य रखें।

**कर्क** -सितारे धीरे-धीरे आपके पक्ष में आते जा रहे हैं कामकाज की स्थिति सुधरेगी परंतु जरूरी निर्णय अभी भी लेने से बचें।

**मकर**-सितारे आज बेहद शानदार है लोग आपके कार्यो की प्रशंसा करेंगे काम काज आपके मन मुताबिक रहेगा।

**सिंह**-समय आज ठीक नहीं है आजीविका क्षेत्र कमजोर रहेगा मन अशांत रहेगा वाहन सावधानी से चलाएं।

**कुंभ**-समय आज ठीक नहीं है घरेलू परेशानियां आपको परेशान करती रहेंगी मित्रों को लेकर भी आप परेशान रह सकते हैं।

**कन्या**- समय लगातार मजबूती की ओर अग्रसर है वैवाहिक संबंध मधुर रहेंगे कामकाज बढ़िया रहेगा।

**मीन**-सितारे आज से सामान्य हो रहे हैं परेशानियां कम होंगी कामकाज की स्थिति सुधरेगी प्रेम संबंध सामान्य रहेंगे।

# संघ समन्वय बैठक के संदेश




**केरल** के पलक्कड़ में 31 अगस्त से दो सितंबर तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस की अखिल भारतीय समन्वय बैठक से निकले संदेश कई अर्थों में महत्वपूर्ण है। संघ की अखिल भारतीय बैठकों पर देश और भारत में रुचि रखने वाले विदेश की भी दृष्टि रहती है। इस समय भारत के अंदर और पड़ोस में कुछ ऐसी गतिविधियां हो रही है जिनके संदर्भ में बहुत बड़ी संख्या में सक्रिय और आम लोग भी जानने को उत्सुक हैं कि इन पर संघ का मंतव्य क्या है और वह क्या कर रहा है। चूंकि यह संघ से जुड़े मोटा-मोटी सभी संगठनों की वार्षिक बैठक थी तो स्वर व निर्णय का महत्व है। विरोधियों और राजनीतिक दृष्टि से सोचने वालों को छोड़ दीजिए तो संघ पर निष्पक्ष अध्ययन करने वाले मानते हैं कि जो भी निर्णय या फिर भविष्य के कार्यक्रमों के रूपरेखा बनती है वह सभी संबंधित संगठनों के लिए होता है और सभी उसी तरह काम करते हैं जैसे परिवार के सदस्य।

पिछले कुछ महीने में भाजपा और संघ के संबंधों पर कई ऐसे संकेत और वक्तव्य आए जिनसे लगता था कि परस्पर संवाद, सहयोग या समन्वय की कमी है। इनमें भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का वह बयान अभी तक चर्चा में है कि भाजपा उस दौर से काफी आगे बढ़ चुकी है जब उसे संघ की आवश्यकता थी और अब वह अपना कार्य स्वयं संभालने में सक्षम है। लोकसभा चुनाव परिणाम भाजपा और उनके समर्थकों के उम्मीद के अनुरूप नहीं रहने के कारण भी अनेक अटकलें और टिप्पणियां सामने आ रही थी। राजनीति और सत्ता की ताकत सबसे बड़ी दिखती है इसलिए सामान्य मानस प्रत्येक विषय को इसी के इर्द-गिर्द देखता है। हालांकि सच यही है कि संघ से जुड़े या उसकी प्रेरणा से काम करने वाले अन्य संगठनों की तरह राजनीति में भाजपा भी एक है। सत्ता के पास सर्वाधिक निर्णयकारी शक्तियां है इसलिए उसके महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। आप देखेंगे कि वहां भाजपा अध्यक्ष नड्डा और संगठन मंत्री बी एल संतोष की उपस्थिति मीडिया में सबसे ज्यादा चर्चा का विषय रहा। बैठक के आरंभ और अंत में जानकारी देने वाले अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर के वक्तव्यों में अपनी ओर से भाजपा पर कुछ न कहना बतता है कि भाजपा पर विशेष फोकस नहीं था।

प्रश्न है कि समन्वय बैठक में हुए विमर्शों, भाषणों या वक्तव्यों तथा निर्णयों को किस रूप में देखा जाए? पलक्कड़ में 32 संगठनों के 320 प्रतिनिधि उपस्थित थे जिनमें 90 अखिल भारतीय स्तर के पदाधिकारी थे। उनमें संघ के शीर्ष नेतृत्व और भाजपा के दोनों नेताओं के अलावा शायद ही हम आप किसी का नाम जानते हो। समन्वय बैठक का उद्देश्य सभी संगठनों के पिछले एक सालों की गतिविधियों व उपलब्धियों का विवरण जानना, पिछले बैठक में तय कार्यक्रमों की समीक्षा, संगठनों के कार्यों में कोई समस्या हो तो परस्पर सहयोग से समाधान निकालना, प्रमुख राष्ट्रीय और सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श, संगठनों के बीच समन्वय बढ़ाना और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर उसके अनुसार लक्ष्य तय करना होता है जिनमें सभी अपना दायित्व पूरा करने के लिए आगे बढ़े। समन्वय बैठक के बारे में सुनील आंबेकर ने बताया कि हमारे काम का एक ही मूल सिद्धांत है, राष्ट्र प्रथम। मतभेद से संबंधित प्रश्नों पर उनका उत्तर था कि किसी मुद्दे पर मतभिन्नता के बाद राष्ट्र हित का ध्यान रखते हुए निदान किया जाता है। मतभिन्नता या मतभेद को उन्होंने अस्वीकार नहीं किया, यह कहा कि सब कुछ ठीक है।

> केरल के पलक्कड़ में 31 अगस्त से दो सितंबर तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस की अखिल भारतीय समन्वय बैठक से निकले संदेश कई अर्थों में महत्वपूर्ण है। उम्मीद करनी चाहिए कि समन्वय बैठक से इस दिशा में निश्चित कार्यक्रम एवं सरकारों के लिए सुझाव आए होंगे जिन पर अमल होगा। खासकर बंगाल की घटना और जाति जनगणना के मुद्दे पर समाज में फैले भ्रम और तनाव पर।

संघ अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष 2026 की ओर बढ़ रहा है और इस दृष्टि से कुछ कार्यक्रम तय किए। इनमें पांच संकल्प प्रमुख हैं, जिनके आधार पर संघ राष्ट्रव्यापी सामाजिक परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ने की घोषणा कर चुका है। ये हैं, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन यानी परिवार व्यवस्था को मजबूत करना,पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय स्वत्व व नागरिक कर्तव्य यानी जीवन के हर क्षेत्र में स्व-भाव के साथ आगे बढ़ना। केरल में बैठक है तो वायनाड भूस्खलन और त्रासदी का विवरण एवं स्वयंसेवकों का समाज के साथ मिलकर किए गए राहत व पुनर्वास कार्यों का चित्र और आगे की योजनाएं भी सामने रखी गई। इसी तरह महिलाओं और बच्चियों के साथ दुराचार, बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा, वक्फ विधेयक, समान नागरिक संहिता आदि। पूरे देश को हिलाने वाला बंगाल का घटनाक्रम गहन चर्चा में न आए ऐसा हो नहीं सकता। संघ अनेक वर्षों से समाज जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे लाने, स्वावलंबी बनाने तथा भागीदारी बढ़ाते हुए सामाजिक एकता और परिवर्तन पर काम कर रहा है।

पिछले समन्वय बैठक में महिलाओं के लक्षित सम्मेलन निर्धारित हुए थे और प्राप्त विवरण के अनुसार सभी राज्यों के जिला केंद्रों पर कुल 472 महिला सम्मेलन हुए जिनमें छह लाख की भागीदारी हुई। परिवार को सशक्त करते हुए भारत के सामाजिक आधार को मजबूत करना है तो महिलाओं में चेतना, आत्मविश्वास व उन्हें अधिकाधिक आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना होगा। इस दृष्टि से संघ सामाजिक परिवर्तन लक्ष्य को आगे बढ़ा रहा है। अहिल्याबाई की त्रिशताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की चर्चा और जनजाति महारानी रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती को व्यापक रूप से मनाने का निर्णय हुआ जिसकी पहल वनवासी कल्याण आश्रम करेगा। जरा सोचिए, दिन-रात दलितों, आदिवासियों की बात करने वाले संगठनों, राजनीतिक दलों और नेताओं ने कभी अहिल्याबाई या रानी दुर्गावती के बारे में चर्चा भी की? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और भाजपा की राज्य सरकारों ने पिछले वर्षों में जनजातियों के बीच के राजाओं, महापुरुषों, महारानियों तथा वीरांगनाओं या समाज में योगदान देने वाली महिलाओं-पुरुषों को जिस तरह महिमामंडित कर उनको आगे लाया है वह पहले नहीं देखा गया। गहराई से देखेंगे तो यह लंबे समय संघ की विचारधारा से मिली प्रेरणा और काम करने वाले संगठनों के समन्वय की ही परिणति है।

जिस तरह इस समय भारत को जाति और समुदाय के नाम पर खंडित करने का राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र चल रहा है उनमें केवल उनका प्रतिवाद करने की जगह समाज में सकारात्मक काम करने की आवश्यकता है। आप संघ के समर्थक हों या विरोधी स्वीकार करना पड़ेगा कि यह कार्य व्यापक स्तर पर कोई कर रहा है तो संघ और उसके विचार प्रेरित संगठन ही। महिलाओं और बच्चियों के विरुद्ध यौन दुराचार पर सभी प्रतिनिधियों द्वारा त्वरित और समयबद्ध न्याय की आवश्यकता पर सहमति थी और कहा गया कि कानूनी तंत्र और सरकार को प्रोएक्टिव, सजग और सक्रिय रहने के साथ आवश्यकता होने पर कानूनी ढांचे को मजबूत करना चाहिए। यही पर्याप्त नहीं है। तो संघ के विचार में परिवार स्तर पर शिक्षण द्वारा जीवन मूल्यों को प्रोत्साहित करने, महिलाओं के बीच आत्म रक्षा कार्यक्रम चलाने व डिजिटल क्षेत्र में महिलाओं से संबंधित मुद्दों विशेषकर ओटीटी प्लेटफॉर्म को हल करना ही महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर पाएगा।

उम्मीद करनी चाहिए कि समन्वय बैठक से इस दिशा में निश्चित कार्यक्रम एवं सरकारों के लिए सुझाव आए होंगे जिन पर अमल होगा। बंगाल में राष्ट्रपति शासन पर संघ का मत अलग है। संघ के अनुसार विषय सरकार का है पर यह बहुत लोकतांत्रिक तरीका नहीं है। यह भी कहा गया कि किसी भी लोकतांत्रिक सरकार को कानून के अनुसार शासन करने और जनता की शिकायतों का समाधान करने के लिए जनता के प्रति जवाब दिए होना चाहिए। पश्चिम बंगाल सरकार क्या इस तरह का व्यवहार करने वाली है?

**अवधेश कुमार**
(वरिष्ठ पत्रकार)

# विकास के पैमाने पर बहस



**विकास** का पैमाना क्या हो? यह शुरू से ही विवाद का विषय रहा है। पर आज देश या प्रदेश के विकास का पता उस देश या प्रदेश की दौलत, उसके लोगों की खुशहाली और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उसकी हैसियत से चलता है। कोई देश या प्रदेश कितना दौलतमंद है, इसका पता उसके कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), भुगतानों की बकाया रकम, विदेशी-विनियिम-मुद्रा की सुरक्षित निधि, आर्थिक विकास की दर व प्रतिव्यक्ति आय से भी चलता है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उसकी हिस्सेदारी और इन दोनों क्षेत्रों में उसके विकास की दर भी यह संकेत देती है कि उसकी आर्थिक स्थिति कितनी मजबूत है और उसमें कमाई हुई दौलत को संभाले रखने और उसे लगातार बढ़ाते रहने की सामर्थ्य है या नहीं।

ये आर्थिक संकेत वैसे अपने आप में काफी अहमियत रखते हैं, लेकिन ये काफी कुछ छिपा जाते हैं, जैसे आम आदमी की दशा और बेरोजगारी का इन संकेतकों से कुछ पता नहीं चलता है। 'प्रतिव्यक्ति आय' लोगों की औसत आय को बताती है। लेकिन वह यह नहीं बताती कि हर देशवासी के पास उतना धन है। इसका आंकड़ा अमीरों व गरीबों, दोनों की आमदनियों के औसत से निकाला जाता है। इससे यह भी नहीं पता चलता कि किसी एक देश या एक राज्य या एक क्षेत्र की खुशहाली दूसरे देशों की तुलना के लिए एक जैसी है। आजकल एक नया मानदंड अपनाया जाने लगा है। खरीद-क्षमता में समानता। इस कार्य के लिए कई इससे भी ज्यादा पेचीदा तरीके अपनाए जाने लगे हैं। पर ये सब मिल कर भी आम आदमी के दैनिक जीवन के चंद पहलुओं को ही दर्शा पाते हैं।

ये आंकड़े इस बात पर बिल्कुल प्रकाश नहीं डालते कि लोगों ने जो जीवन-स्तर प्राप्त कर लिया है, उसे वे बनाए रख सकते हैं या नहीं। भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में जहां मजदूरों, किसानों, बुनकरों और तमाम छोटे-मोटे कारीगरों की संख्या कुल जनसंख्या का दो तिहाई से भी अधिक हो, वहां जीडीपी या फिर प्रतिव्यक्ति आय के पैमाने से उनकी दशा को नहीं जाना जा सकता है। इस बहुसंख्यक आबादी के जीवन से जुड़े मुद्दों की पहचान करने के लिए जो मानदंड अपनाए जा सकते हैं वे हैं- इन लोगों को किस प्रकार का भोजन मिलता है और उसकी पौष्टिकता की स्थिति क्या है? शिशुओं की मृत्यु दर, पीने के पानी की सुलभता और गुणवत्ता, रहने की जगह, लोगों के आवासों की श्रेणियां, रोग के आक्रमण दुष्प्रभाव, असमर्थताएं व गड़बड़ियां, चिकित्सा सुविधाओं की सुलभता, साक्षरता, प्राथमिक स्कूलों की संख्या और पढ़ाई का स्तर, आवागमन की सुविधा, बिजली की उपलब्धता और तेजी से बदलते आर्थिक माहौल में समाज की मांगों के हिसाब से युवाओं को तरह-तरह के कारीगरी व हुनर को सिखाने और प्रशिक्षित करने के केंद्रों की संख्या बेरोजगारी की तुलना में कितनी है।

> आज जरूरत इस बात की है कि सभी देशवासियों को सुरक्षित और सुखद वर्तमान तो मिले ही, बेहतर भविष्य भी मिले। यह तभी संभव है जब देश की जनता में भी अपने देश को बेहतर बनने की प्रबल भावना जगे। दुनिया के जो देश विकसित बने हैं, उसमें वहां की जनता का भी योगदान है। दूसरे देशों की तरह हमें भी योजनाएं बनानी होंगी।

आम जनता के जीवन में सुधार लाने के लिए जरूरी कई और सुझावों का जिक्र भी किया जा सकता है। महात्मा गांधी का कहना था कि देश के लिए किए गए हर काम की कसौटी यह होनी चाहिए कि उसके द्वारा सबसे गरीब और पिछड़े आदमी की आंखों के आंसू पोंछे जा सकते हैं या नहीं। उनका मानना था कि जब ऐसा दिन आएगा तभी यह माना जाएगा कि हमारा राष्ट्र सुखी राष्ट्र हो गया है। गरीबी, बेरोजगारी, बीमारी, अज्ञान के निराकरण के साथ-साथ जब तक हर नागरिक को आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिलेगा तब तक देश की प्रगति अवरुद्ध रहेगी। पर सामाजिक और आर्थिक विकास को देखें तो बड़ी भयानक तस्वीर सामने आएगी। जनसंख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है, बेरोजगारी और गरीबी बढ़ रही है। देश की एक चौथाई जनता गरीबी रेखा के नीचे है। भोजन, वस्त्र के अलावा पेयजल, मनुष्य के रहने लायक मकान, चिकित्सा सेवा, आवागमन की सामान्य सुविधा जैसी न्यूनतम आवश्यकताएं भी पूरी नहीं हो पा रही हैं।

अब सवाल यह उठता है कि प्रचलित लोकतांत्रिक प्रक्रिया से क्या यह तस्वीर बुनियादी रूप से बदल सकती है। क्या केंद्र और राज्य सरकारें इसके लिए ठोस उपाय कर रही हैं। हमारी संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार, जनकल्याण के लिए तमाम योजनाओं के मद में केंद्र सरकार राज्य सरकारों को सिर्फ धन मुहैया कराती है। इन योजनाओं को लागू करने का जिम्मा राज्य सरकारों का है। लेकिन इन योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा है। कई राज्यों में इस कदर लूट चल रही है लोकतांत्रिक सत्ता का मतलब ही हो गया है अपना और अपने लोगों को दौलतमंद बनाना। उनकी दौलत तो दिन दूनी रात चौगुनी की रफ्तार से बढ़ जाती है, पर आम जनता गरीबी व बेबसी में पिसती रहती है।

आखिर हमारी प्रचलित व्यवस्था और उसका दर्शन क्या है? यह बुनियादी सवाल है, क्योंकि पहली बात यह है कि क्या कोई प्रचलित व्यवस्था भी है? देश की 65 फीसद आबादी गांवों में रहती है और 35 फीसद शहरों में। इस 35 फीसद का एक तिहाई हिस्सा औद्योगिक मजदूर है इनमें टैक्सी, टैम्पो और रिक्शाचालक आदि हैं। शहरी क्षेत्रों में भी गरीबी और गंदगी है, गंदी बस्तियां हैं, फिर भी गांव से शहर की ओर लगातार पलायन हो रहा है। इस आबादी के एक छोटे-से हिस्से को वहां रोजगार मिल जाता है। शहरों की ओर ग्रामीण आबादी के पलायन की प्रमुख वजह यही है।

**रंजना देसाई**
(वरिष्ठ पत्रकार)

### ट्विटर



रूस-यूक्रेन दोनों ऐसे मुहाने पर आकर खड़े हैं, जहां से पीछे हटने का मतलब हार मानना होगा। इस मौके पर दोनों के बीच मध्यस्थ की भूमिका सबसे प्रमुख होगी।

**तरनजीत संधू, पूर्व राजदूत**



रूस और यूक्रेन के बीच शांति की पहल जरूरी है, यह किसकी वजह से हो रही है यह कोई मायने नहीं रखता। दोनों देशों के बीच शांति जल्द से जल्द होनी चाहिए।

**हर्ष वी पंत, सामरिक विशेषज्ञ**

### सत्यार्थ

# सत्य की रक्षा



**महाराष्ट्र** के एक स्कूल में एक दिन अध्यापक ने बच्चों से प्रश्न किया-यदि तुम्हें रास्ते में एक हीरा मिल जाए, तो तुम उसका क्या करोगे? एक बच्चे ने कहा-मैं उसे बेचकर कार खरीदूंगा। दूसरा बोला- मैं उसे बेचकर धनी बन जाऊंगा। तीसरे ने कहा- वह उसे बेचकर विदेश यात्रा करेगा। मगर गोपाल नामक बालक बोला-मैं उस हीरे के मालिक का पता लगाकर लौटा दूंगा। अध्यापक ने पूछा-यदि पता लगाने पर भी उसका मालिक नहीं मिला तो? गोपाल ने कहा-तब मैं हीरे को बेचूंगा और इससे मिले पैसों को देश सेवा में लगा दूंगा। शिक्षक यह सुन कर गदगद हो गए। कुछ दिनों के बाद उन्होंने गणित का एक प्रश्न पूछा। प्रश्न थोड़ा कठिन था, कोई भी छात्र उसे हल नहीं कर पाया, पर गोपाल ने सही उत्तर बता दिया। अध्यापक ने खुश होकर गोपाल को पुरस्कार दिया। लेकिन दूसरे ही दिन गोपाल अपने अध्यापक के पास गया और पुरस्कार वापस करते हुए बोला-इस पुरस्कार का अधिकारी मैं नहीं हूं। गणित के प्रश्न का उत्तर तो मैंने दूसरे विद्यार्थी से पूछकर बताया था, सो यह पुरस्कार तो उसे ही मिलना चाहिए। अध्यापक ने गोपाल की सत्यनिष्ठा की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने सभी छात्रों को एकत्रित करके समझाया- जो लोग असत्य आचरण करते हैं, उनका झूठ उजागर न भी हो तो भी उन्हें इसी तरह अशांति होती है, जैसी गोपाल को हुई। उन्होंने गोपाल को पुरस्कार लौटाते हुए कहा-इस पर अब तुम्हारा ही अधिकार हो गया है, क्योंकि तुमने सत्य की रक्षा की है। यही बालक आगे चलकर गोपाल कृष्ण गोखले के नाम से मशहूर हुआ। गोपाल कृष्ण गोखले देश के उन महापुरुषों में थे, जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की नींव रखी।

देश के हम भंडार भरेंगे और कीमत पूरी लेंगे

# किसान शक्ति संगम में उमड़ी अपार भीड़, ट्रैक्टरों की लगी लाइने

## भारतीय किसान संघ ने किया मिनी सचिवालय पर प्रदर्शन, ज्ञापन देकर रखी मांगें

हमारा समाचार




**झालरापाटन/ झालावाड़।** भारतीय किसान संघ की ओर से सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर झालावाड़ मिनी सचिवालय पर जबरदस्त प्रदर्शन किया गया। इससे पहले झालरापाटन स्थित महाराजा हरिश्चन्द्र कृषि उपज मंडी प्रांगण में खुला अधिवेशन 'किसान शक्ति संगम' आयोजित किया गया। जिसमें गोरक्षधाम सेवा प्रन्यास के बाबा निरंजननाथ अवधूत ने अध्यक्षता की। भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र मुख्य वक्ता थे। कि

सान शक्ति संगम में सभा के बाद बैलगाड़ी, ट्रैक्टर समेत अन्य वाहनों के साथ रैली के रुप में नारेबाजी करते हुए बड़ी संख्या में किसानों ने मिनी सचिवालय कूच किया। रैली मंडी प्रांगण से प्रारंभ होकर गिंदोर, खंडिया चौराहा, खेल संकुल, बस स्टैंड, निर्भय सिंह सर्किल, गायत्री मंदिर अस्पताल होते हुए मिनी सचिवालय पहुंची। जहां पहुंचकर जिला कलेक्टर को विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमन्त्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। खुले अधिवेशन को संबोधित करते हुए मोहिनी मोहन मिश्र ने कहा कि सरकार से हम पानी ही तो मांग रहे हैं। वह भी उनके घर का नहीं मांग रहे हैं। पानी भगवान की देन है। सरकार को केवल खेत तक पहुंचाने की व्यवस्था करनी है। उन्होंने कहा कि पानी नहीं दे सकते तो बिजली ही दे दो पानी तो हम खुद खींच लेंगे। मोहिनी मोहन मिश्र ने कहा कि सोयाबीन के दाम गिरते गिरते लागत मूल्य से भी कम हो गए हैं। सरकार को इस पर बोनस देना चाहिए। राजस्थान का किसान देश को सरसों, सब्जियां समेत कई खाद्यान्न देता है। सरकार को हर खेत को पानी देने का वादा करते-करते 70 साल हो गए, लेकिन अभी तक खेत तक पानी नहीं पहुंच पाई है। सरकार हर हाथ को रोजगार देने की बात करती रही, लेकिन कोरोना में किसानों ने जनता को रोजगार देने का काम किया। मोहिनी मोहन मिश्र ने कहा कि हम देश का अहित नहीं चाहते, लेकिन सरकार इसे हमारी मजबूरी ना समझे। बाबा निरंजन नाथ अवधूत ने कहा कि भारतीय किसान संघ संपूर्ण देश का प्रतिनिधित्व करता है। सरकारें किसान के बारे में सोचें, जाति, मत, पंथ के बारे में नहीं। किसान का हित ही भारत का हित है। मंच संचालन जिलाध्यक्ष राधेश्याम गुर्जर ने किया। इस दौरान सम्भाग अध्यक्ष गिरीराज चौधरी ने भी संबोधित किया।

### ट्रैक्टरों की लगी लाइनें

प्रदर्शन में झालावाड़ जिले की 13 तहसील झालरापाटन, रायपुर, बकानी, सुनेल, पिड़ावा, पचपहाड़, खानपुर, अकलेरा, मनोहरथाना, डग, गंगाधर, असनावर, सारोला समेत प्रान्त के 16 जिलों से से बड़ी संख्या में किसान आए थे। इस दौरान जिले की 800 ग्राम समितियों से लगभग 500 से अधिक ट्रैक्टर, बस और अन्य वाहन लेकर किसान पहुंचे। ऐसे में, मंडी के आसपास रोड़ पर ट्रैक्टरों की लंबी लाइनें लग गई।

### नारों से गूंजा आसमान

रैली के दौरान किसानों ने भगवान बलराम और भारत माता के जयकारों से आसमान गूंजा दिया। किसानों ने अपने हाथों में नारे लिखी तख्तियां ले रखी थी। रंग बिरंगी पगड़ियों में सजे किसान प्रांत के सभी जिलों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इस दौरान "कौन बनाता हिंदुस्तान.. भारत का मजदूर किसान.. हम अपने अधिकार मांगते नहीं किसी से भीख मांगते.. गौ माता को जीने दो, दूध की नदियां बहने दो.. सरीखे नारे गुंजायमान हो रहे थे।

### मौसम ने ली परीक्षा

सुबह-सुबह मौसम में कुछ ठंडाई होने के बाद दिन में जबरदस्त सूरज ने तल्खी दिखाई। इसके बावजूद भीषण धूप में किसान 3 घंटे तक पहले मंडी प्रांगण में और फिर सचिवालय पर डटे रहे।

### ज्ञापन दिया रखी मांगें

भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर से मिलकर मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने सोयाबीन की एमएसपी को बढ़ाकर और सोयाबीन पर बोनस देने की मांग की। वही पेयजल, बीमा, मंडी, सिंचाई, विद्युत संबंधी विभिन्न समस्याओं के बारे में बात की। प्रतिनिधि मंडल में अखिल भारतीय अधिकारी कैलाश गेंदोलिया, प्रदेश अध्यक्ष दलाराम चौधरी, प्रांत अध्यक्ष शंकरलाल नागर, जिला अध्यक्ष राधेश्याम गुर्जर, प्रांत प्रचार प्रमुख आशीष मेहता, प्रांत महिला प्रमुख रजनी नागर, जिला मंत्री कारुलाल तथा जिला प्रचार प्रमुख महेश मेहर मौजूद रहे।

# पंचायत समिति अंता में संपन्न हुई साधारण सभा की बैठक

हमारा समाचार



**कोटा।** सोमवार को पंचायत समिति अंता की साधारण सभा की बैठक का आयोजन पंचायत समिति सभागार भवन में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्रधान प्रखर कौशल द्वारा की गई बैठक में विधायक कंवरलाल मीणा उपस्थित रहे। साधारण सभा की बैठक में पेयजल संबंधी मुद्दों पर, विद्युत संबंधी समस्याओं एवं मौसमी बीमारियों व डाक विकास कार्य पर चर्चा की गई। विधायक कंवरलाल मीणा बिजली विभाग को निर्देशित किया कि जितने भी बिजली के तार विद्यालय के ऊपर, मंदिर के ऊपर व 20 से अधिक घरों के ऊपर से निकले हुए हैं तो उनको तुरंत शिफ्ट किया जाए और शिफ्टिंग का खर्च जो आता है वह विधायक कोष द्वारा दिया जाएगा। विधायक कंवरलाल मीणा व प्रधान प्रखर कौशल द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देशित किया जितने भी सड़क पर पशु बांधे जा रहे हैं मुख्य रोड पर कृषि वाहन व निजी साधन खड़े किए जा रहे हैं जिससे दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है उनको तुरंत प्रभाव से हटाया जाए दोषी व्यक्ति के विरुद्ध उचित कार्रवाई भी अमल में लाई जाए। बैठक में यह भी प्रस्ताव लिया गया कि जितने भी खाली भूखंड पड़े हुए हैं उनकी चारदीवारी करवा कर सड़क से ऊपर उठाया जाए यदि कोई खाली भूखंड रखता है तो उनके पट्टा निरस्त करने की कार्रवाई अमल में लाई जाए अक्सर खाली पड़े प्लांट से गंदगी वह बीमारियों फैलने का खतरा रहता है। प्रधान प्रखर कौशल द्वारा निर्देशित किया गया कि बैठक में जो भी समस्याएं अवगत करवाई गई है उनको अधिकारी गंभीरता से लेते हुए निस्तारण कर अगली बैठक में मय दस्तावेज उपस्थित रहे। बैठक में विकास अधिकारी राधेश्याम भील द्वारा सभी अधिकारी और जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद करते हुएं साधारण सभा की बैठक का समापन किया गया। साधन सभा की बैठक में पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र कुमार, संग्राम सिंह, नरेंद्र नंदवाना, ओम प्रकाश नागर, नवनीत पंकज, उपस्थित रहे। बैठक में सरपंच मनभर, अनूप सिंह, रविंद्र कुमार, सुरेश कुमार बंजारा उपस्थित रहे। ब्लॉक लेवल अधिकारी गण व कर्मचारी उपस्थित रहे जिसमे पंचायत समिति जनता से विकास अधिकारी राधेश्याम भील राजस्व विभाग से धनराज गोचर सार्वजनिक निर्माण विभाग से बसंत कुमार गुप्ता, सार्वजनिक जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से विक्रम मेहता, चिकित्सा विभाग से डॉक्टर सूर्य प्रकाश गर्ग एवं महिला एवं बाल विकास से संगीता नागर आदि उपस्थित रहे। पंचायत सीमित अंता से शिव शंकर मीणा, अविनाश मीणा, दिनेश बसंदानी, सुनील मिश्रा, आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा संभाग की सदस्यता अभियान बैठक किशनगंज बारां में हुई आयोजित



हमारा समाचार

**जयपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की संभाग स्तरीय सदस्यता अभियान के तहत कोटा सम्भाग की कार्यशाला भारत माता कॉलेज किशनगंज, बारां में अयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती रहे। कार्यशाला में कोटा संभाग के सभी मोर्चा पदाधिकारियों से सदस्यता अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की गई। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया है कि सभी पदाधिकारी भाजपा की केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की अल्पसंख्यक कल्याणकारी योजनाओं से अल्पसंख्यक समुदाय को अवगत कराये एवं उन्हें भाजपा का सदस्य बनायें। कार्यशाला में मोर्चा के सदस्यता अभियान प्रदेश संयोजक डॉ. मजीद मलिक कमांडो ने अधिक से अधिक अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को भाजपा परिवार से जोड़ने पर जोर दिया। मोर्चा के सदस्यता अभियान कोटा संभाग प्रभारी मोहम्मद विकार खान ने सभी जिला प्रभारियों से प्रत्येक जिले में आयोजित सदस्यता अभियान की रूपरेखा की जानकारी लीं। सदस्यता अभियान के कोटा संभाग कि बैठक मे प्रदेश सह संयोजक फारूक राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष अय्यूब खान, बारां जिला अध्यक्ष अल्पसंख्याक मोर्चा मकसूद अली, झालावाड़ जिला अध्यक्ष मुकीम अब्बासी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य ताज मोहम्मद, पप्पू नेता, सद्दाम पठान, जिला संयोजक तनवीर खान, जिलाप्रभारी आफताब चौधरी, मेनहाज पटेल, कोटा शहर जिला महामंत्री मुजाहिद खान, हुसैन पठान, हातिम कुरैशी, बूंदी मोर्चे पूर्व जिला अध्यक्ष अब्दुल वहीद, कल्लन गोरी, शरीफ भाई, डॉ हमीद, डॉ इकबाल मगरोल, इकबाल नेता सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सरपंच संघ ब्लॉक सुल्तानपुर के सरपंचों ने विभिन्न मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



**कोटा।** सरपंच संघ सुल्तानपुर द्वारा संघ के अध्यक्ष घनश्याम यादव के नेतृत्व में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पंचायत राज एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, व ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को को ज्ञापन देकर सरपंचों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की, सरपंच संघ राजस्थान के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान ने बताया कि ज्ञापन में संघ द्वारा मांग की गई की वन स्टेट वन इलेक्शन के तहत किसी भी सरपंच का वह अन्य जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल नहीं घटकर वर्तमान में सरपंच बार में जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है उनका कार्यकाल बढ़ा कर उन्हें कार्य करने का अधिकार दिए जाने तथा जनप्रतिनिधियों को पूर्व की भांति कार्य करने के लिए स्वतंत्र करने की मांग की।

# गुरू के ज्ञान ने मयार्दा पुरुषोत्तम को प्रभु राम बनाया

हमारा समाचार



**कोटा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार को अखिल राजस्थान सनाढ्य ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित गुरू वशिष्ठ प्राकट्य महोत्सव में सम्मलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्पीकर बिरला ने कहा गुरु के बिना ज्ञान नहीं होता, और ज्ञान के बिना जीवन निरर्थक होता है। महर्षि वशिष्ठ का जीवन दर्शन संसार को यह बताने के लिए पर्याप्त है कि भारतीय परंपरा का विस्तार शून्य से लेकर अनंत तक है। अयोध्या के राजकुमार के भगवान राम बनने की यात्रा में गुरू वशिष्ठ जी की शिक्षा-दीक्षा का अहम योगदान है। भारतीय परंपरा में, यहां के इतिहास में ऐसे कई अनगिनत प्रसंग हैं, जिनका स्मरण करने से हमारा सिर श्रद्धा से झुक जाता है। महर्षि वशिष्ठ की कथा भी एक ऐसा ही प्रसंग है। स्पीकर बिरला ने कहा कि महर्षि वशिष्ठ का जीवन हमें अपने कर्तव्य के रास्ते पर चलकर ऊंचाइयां छूने की सतत प्रेरणा देता है। गुरू वशिष्ठ प्राकट्य महोत्सव का सनाढ्य ब्राह्मण महासभा का यह उत्सव युवा पीढ़ी को भी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा।

### परम्पराओं से प्रेरणा ले युवा शक्ति : संदीप शर्मा

भारत ऋषि मुनियों की तपोभूमि है, हमारा सौभाग्य है कि हमने इस पवित्र भूमि पर जन्म लिया। जब-जब राष्ट्र पर विपत्ति आई, हमारे गुरूजनों ने समाज को दिशा दिखाने का काम किया है। हमारे सामूहिक प्रयास होने चाहिए कि समाज क्षमतावान और समृद्ध बने। देश के विकास में हमारा सार्थक सहयोग हो। हमारा भारत धन-धान्य और हर तरह के संसाधनों से भरा हुआ है।

सम्मान | हितकारी विद्यालय सहकारी शिक्षा समिति के वरिष्ठजनों का किया सम्मान

# आर्थिक-सामाजिक बदलाव में सहकारिता का का बड़ा योगदान : बिरला

हमारा समाचार

**कोटा।** संसदीय क्षेत्र कोटा-बून्दी के प्रवास पर आए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार को शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। झालावाड़ रोड स्थित माहेश्वरी भवन में श्री हितकारी विद्यालय सहकारी शिक्षा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बिरला ने संस्था से जुड़े वरिष्ठजनों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि अपनी अथक सेवा, अनुभव और समर्पण ने इस प्रतिष्ठित संस्था की नींव रखने और अपने कुशल नेतृत्व से इस सींचने वाले महानुभावों का सम्मान मेरे लिए विशेष क्षण है क्योंकि मैं स्वयं भी इस संस्था के एक छोटे से पौधे से वटवृक्ष बनने तक का साक्षी रहा हूं। जैसे एक वृक्ष अपनी गहरी जड़ों के कारण ही मजबूती से खड़ा रहता है, वैसे ही इस समिति के वरिष्ठ सदस्य इस संस्था की नींव हैं, जिन्होंने अपने ज्ञान, अनुभव और मूल्यों से हमें सुदृढ़ किया है। स्पीकर बिरला ने कहा कि 78 वर्षों की इस यात्रा में इस संस्था ने अनगिनत उतार-चढ़ाव देखे हैं लेकिन आज भी यह संस्था शिक्षा के कार्य में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। सहकारिता आंदोलन से समाज के गरीब और वंचित लोगों के जीवन में परविर्तन आया है। सहकार से समृद्धि का जो संकल्प देश ने लिया है, उसे साकार करने की दिशा में आज हम और आगे बढ़ रहे हैं। खेती और किसानी की नींव को मजबूत करने में सहकारिता की शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है।



### रामदेवरा में पदयात्रा करेंगे बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार को लोक आस्था और श्रद्धा की पावन नगरी रामदेवरा जाएंगे। वे सुबह 10.30 बजे कोटा से हवाई मार्ग से रामदेवरा जाएंगे। स्पीकर बिरला मंदिर तक पदयात्रा कर बाबा रामदेव जी के समाधि स्थल पर पूजा-अर्चना करेंगे। स्पीकर बिरला सोमवार को झालावाड़ रोड स्थित माहेश्वरी भवन में भारतेंदु जयंती पर भारतेंदु समिति द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भी सम्मिलित होंगे।

### लोगों का विश्वास और जुड़ाव बढ़ा

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि कोटा की सहकारी संस्थाओं के साथ लोगों का जुड़ाव और विश्वास निरन्तर बढ़ा है। बाऊजी श्रीकृष्ण बिरला के नेतृत्व में वर्षो तक हुए सार्थक प्रयासों के कारण सभी सहकारी संस्थाओं ने प्रगति की है। विधायक संदीप शर्मा ने कहा राजस्थान में सहकारिता आंदोलन में कोटा की धरती का बड़ा योगदान रहा है। कोई भी संस्था कि बिना पारदर्शिता के सफल नहीं हो सकती, लेकिन हितकारी सहकारी समिति ने सहाकारिता के साथ शिक्षा के क्षेत्र में जो आयाम स्थापित किए हैं वे सराहनीय है। इस दौरान रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राजेश बिरला, समिति की अध्यक्ष सूरज बिरला आदि मौजूद रहे।

### स्वर्णकार समाज के भवन का लोकार्पण

स्पीकर ओम बिरला ने श्रीनाथपुरम में मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। बिरला ने कहा कि एकता और संगठन शक्ति समाज की सबसे बड़ी संपत्ति है, इस भवन का निर्माण उसी शक्ति का प्रतीक है। यह नवीन भवन समाज की कई पीढ़ियों लिए बहुआयामी उपयोगिता का केंद्र बनेगा। स्वर्णकार समाज का योगदान केवल शिल्पकारी तक सीमित नहीं है। इस समाज ने हमेशा से शिक्षा, व्यापार और सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विरासत को सहेजकर आधुनिकता को अपनाने का उत्तम उदाहरण समाज ने अपने व्यापार के माध्यम से दिया है।

अंता क्षेत्र में बारिश का दौर जारी

# बड़गांव में पुरानी पुलिया के ऊपर पानी की चादर, कई गांवों से सम्पर्क टूटा



हमारा समाचार

**कोटा।** अंता (फरहान गुड्डू) अंता क्षेत्र में दो दिन से बरसात का दौर जारी नदी नाले उफान पर, बड़गांव कस्बे की पुरानी पुलिया के ऊपर 15 दिन बाद फिर से पानी की चादर चली है। गांव में सुबह 6:00 से ही रुक-रुक कर तेज बारिश का दौर चल रहा था। जो लगभग 12:00 बजे तक जारी रहा। बरसात के कारण आम रास्ते में कई जगह 8 से 10 इंच पानी जमा हो गया। पानी जमा होने के कारण सुबह के समय बच्चों को भी स्कूल जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिया के ऊपर चादर चलने से बड़गांव का गणेशपुरा सिंधपुरी से संपर्क कट गया। पुरानी पुलिया के ऊपर लगभग ढाई फीट तक पानी की चादर चल रही है। आवागमन पूर्णतया बंद है।

# मौसमी बीमारियों से निपटने के दुरूस्त रखें इंतजाम, समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



हमारा समाचार

**कोटा।** साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मौसमी बीमारियों की समीक्षा करते हुए सीएमएचओ को निर्देश दिए कि बीमारियों से निपटने के लिए आवश्यकतानुसार संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य से अस्पतालों में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए सभी इंतजाम दुरूस्त रखने के निर्देश दिए गए। नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्थाएं प्रभावी बनाई जाएं, साथ ही मार्गों को कैटल फ्री बनाने के लिए समुचित कार्रवाई की जाए। सम्पर्क पोर्टल पर परिवादों के निस्तारण की स्थिति की सराहना करते हुए सभी प्रकार की पेंडेंसी को निस्तारित करने के निर्देश दिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा छात्रावासों के निरीक्षण और पाई गई खामियों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए। सभी विभागीय अधिकारियों को कार्यालयों में सोलर सिस्टम के लिए एस्टीमेट बनाने और बजट संबंधी आवश्यक स्तर पर कार्यवाही करने के निर्देश दिएं। विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

# विधानसभा अध्यक्ष ने किया गया रिवर फ्रंट का दौरा



हमारा समाचार

**कोटा।** विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी रविवार को कोटा के चंबल रिवर फ्रंट पहुंचे। श्री देवनानी ने नयापुरा गेट से रिवर फ्रंट पर प्रवेश करने के बाद सिंह घाट, साहित्य चौक, रंगमंच, लगून फाउंटेन, वाटर पार्क से होते हुए हाड़ौती घाट, विश्व मैत्री घाट, मरू घाट, गणेश पोल, चंबल बैराज फाउंटेन सहित रिवर फ्रंट के अन्य स्थानों का अवलोकन किया। विधानसभा अध्यक्ष ने रिवर फ्रंट के शाम के खूबसूरत नजारे देखे। उन्होंने रिवर फ्रंट पर लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां भी देखी। विधान सभा अध्यक्ष ने रंगमंच पर घूमर नृत्य की प्रस्तुति भी देखी। इस अवसर पर भाजपा कोटा जिलाध्यक्ष श्री राकेश जैन भी उपस्थित थे।

### शिक्षा मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री ने की मुलाकात

विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी से रविवार को कोटा सर्किट हाउस में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर एवं ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने मुलाकात की।

# अग्रवाल महिला मण्डलः नंदोत्सव में हुई फूलों की बारिश, छप्पन भोग लगाया

### कृष्ण महोत्सव में बरसी आनन्द की बौछारें



हमारा समाचार

**कोटा।** अग्रवाल वैष्णव मोमीयान पंचायत महिला मंडल द्वारा सोमवार को नंदोत्सव का आयोजन बृजगोपाल जी के मंदिर रामपुरा में आयोजित किया गया। संस्था की महिला अध्यक्ष शिखा मित्तल व सचिव सुनीता गोयल ने बताया कि कृष्ण जन्मोत्सव के पश्चात घर घर मन्दिरों में नंदोत्सव की धूम रहती है। महिलाओं ने राधाकृष्ण बनकर भजनों पर डांडिया रास किया। फूलों की बारिश के साथ कृष्ण जन्मोत्सव की बधाईयाँ दी व छप्पन भोग की झांकी सजाई। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण भगवान का सम्पूर्ण जीवन दर्शन अनुकरणीय है। इस अवसर पर सुनीता गोयल, प्रीती अग्रवाल, रिन्कू गुप्ता, माया अग्रवाल, मधु मित्तल, सुषमा मित्तल, सुनीता गर्ग, सुशीला गर्ग, मधु मित्तल, ममता बंसल, रुची गुप्ता, प्रमीला गर्ग, मनोरमा अग्रवाल, रचना गुप्ता, मीना मित्तल, मंजू मित्तल, कविता गर्ग, संगीता गुप्ता, रानी गर्ग, रेखा गोयल, कुसुम गुप्ता, रानी गर्ग, कविता गर्ग सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थी।

### 58 वां अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस राज्य स्तरीय कार्यक्रम, नव साक्षरों, स्वयंसेवी शिक्षकों का सम्मान

## निरक्षरता माथे पर कलंक, 5 वर्ष में करेंगे सभी वंचितों को साक्षर : शिक्षा मंत्री

हमारा समाचार

**कोटा।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह रविवार को कोटा के शिव ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल श्रीनाथपुरम में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा एवं पंचायती राजमंत्री श्री मदन दिलावर ने कहा कि निरक्षरता देश, प्रदेश के माथे पर कलंक है, इस कलंक को जल्द से जल्द मिटाना है। उन्होंने कहा कि लगभग 80 लाख लोग अभी शिक्षा से वंचित हैं जिन्हें 5 वर्ष से पूर्व ही साक्षर करने का प्रयास है। शिक्षा मंत्री ने हाडोती बोली में संबोधित करते हुए आह्वान किया कि शिक्षित लोग अपने आसपास के निरक्षर लोगों को शिक्षित बनाएं ताकि वे अपने जीवन में तरक्की कर सकें। उन्होंने कहा कि यह सबसे बड़ा पुण्य होगा। उन्होंने समारोह में विचार व्यक्त करने वाले नव साक्षरों और शिक्षकों का मनोबल बढ़ाया। शिक्षा मंत्री ने शिक्षा के उन्नयन और संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि 5 सालों में शिक्षकों का एक भी पद खाली नहीं रहेगा। समारोह में नवसाक्षरों और स्वयंसेवी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कोटा, बारां, झालावाड़ के नवसाक्षर सुनीता देवी, मेधा बाई, हरि सिंह, मधु बाई ने मंच पर अपने विचार व्यक्त किए और बताया कि शिक्षा से उनके जीवन में किस तरह परिवर्तन आया है।अतिथियों ने उनका मनोबल बढ़ाया। अध्यक्षता कर रहे ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि शिक्षा सभी के लिए जरूरी है। विकसित भारत का संकल्प हम शिक्षा के बल पर ही पूरा कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि साक्षरता में भी बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। अवसर मिलने पर बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़कर नाम कमा रही हैं। उन्होंने शिक्षा मंत्री द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों का उल्लेख करते हुए कहा, ये प्रयास प्रदेश के विकास में मील का पत्थर बनेंगे। विशिष्ट अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि जब तक एक-एक व्यक्ति साक्षर नहीं होगा हम 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार नहीं कर पाएंगे। हमें निरक्षरों को साक्षर कर उन्हें समर्थ, क्षमतावान बनाना होगा। लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने विभिन्न उदाहरण के जरिए शिक्षा का महत्व समझाया और कहा कि शिक्षा से जीवन और देश बदल सकता है। उन्होंने बच्चों को शिक्षित करने का आह्वान किया, साथ ही अभिभावकों से अपील की कि अपने अधूरे सपनों को बच्चों पर ना थोपें। उन्हें वही मार्ग चुनने दें जो उनकी रुचि का हो। शिक्षकों का आह्वान किया कि वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ विकसित भारत बनाने में अपना योगदान दें। आरंभ में साक्षरता एवं सतत शिक्षा निदेशक मेघराज रतनू ने बताया की 2011 तक 47 लाख को साक्षर बनाया गया। इसके बाद के वर्षों में अब तक 91 लाख को साक्षर बनाया गया। वर्तमान में 80 लाख लोग निरक्षर हैं। इस वर्ष 20 लाख को साक्षर बनाने का लक्ष्य है। इस अवसर पर साक्षरता संबंधी ब्रोशर का विमोचन किया गया। अतिरिक्त निदेशक साक्षरता स्नेहलता हरित, संयुक्त निदेशक शिक्षा तेज कंवर, सीडीईओ केके शर्मा, सहित संभाग के विभागीय अधिकारी, शिव ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक महेश गुप्ता, शिवम गुप्ता सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे। समारोह में कलाजत्था एवं नाटिका द्वारा शिक्षा का संदेश दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। मंच संचालन ज्योति जोशी ने किया।



## लैंडमार्क सिटी में कोचिंग स्टूडेंटों ने की गणपति की आराधना

### चम्बल हॉस्टल एसोसिएशन लैंडमार्क सिटी में डॉक्टर गणेश जी दे रहे शिक्षा का संदेश

हमारा समाचार



**कोटा।** चम्बल हॉस्टल एसोसिएशन लैंडमार्क सिटी की और से गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें कोचिंग स्टूडेंटों की बडी संख्या में भागीदारी देखने को मिल रही है। चम्बल हॉस्टल एसोसिएशन लैंडमार्क सिटी के अध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा बताया कि रविवार शाम को लैंडमार्क सिटी में डॉक्टर गणेश जी की महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलेन के डायरेक्टर राजेश माहेश्वरी ने गणपति बप्पा की आरती कर स्टूडेंटों के सफलता की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बुद्धि के देवता प्रथम पूजनीय गणपति बप्पा सभी स्टूडेंटों को उनके जीवन में सफलता का आशीर्वाद दें ताकी वह अपने जीवन की नई शुरूआत कर सकें, सफलता में उनके सामने जो भी कठिनाईयां आए वह दूर हो। गणपति बप्पा सभी को सफलता प्रदान करें। विश्वनाथ शर्मा ने कहा कि कोटा में देश के कौने-कौने से आने वाले स्टूडेंटों के लिए यह महोत्सव पिछले कई सालों से मनाया जा रहा है ताकी उन्हें पर्व, उत्सव पर अपने परिवार सा माहौल मिल सके और हर पर्व पर उन्हें अच्छा संदेश मिले, उनकी भागीदारी उत्सवों में हो ऐसा प्रयास किया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि सुबह शाम बड़ी संख्या में नीट की तैयारी कर रहे स्टूडेंट पूजा अर्चना कर रहे हैं, आरती कर प्रसाद वितरण भी स्टूडेंट कर रहे हैं। सचिव सतप्रीत सिंह ने बताया कि डॉक्टर गणेश जी की स्थाना के साथ ही यहां नियमित पूजा अर्चना शुरू गई है और लोग दर्शनों के लिए आ रहे हैं, शाम को बडी संख्या में लोग महाआरती में शामिल हो रहे हैं। इस दौरान अध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा, सचिव सतप्रीत सिंह, मनीष मुंद्रा, अर्जुन सिंह, रमेश धाकड़, राजेश कटारिया, बंटी नागर, राधेश्याम प्रजापत, सोहन सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## सरपंच संघ ब्लॉक सुल्तानपुर के सरपंचों ने विभिन्न मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



हमारा समाचार

**कोटा।** सरपंच संघ सुल्तानपुर द्वारा संघ के अध्यक्ष घनश्याम यादव के नेतृत्व में लोकसभा अध्यक्ष माननीय ओम बिरला, पंचायत राज एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, व ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को को ज्ञापन देकर सरपंचों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की, सरपंच संघ राजस्थान के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान ने बताया कि ज्ञापन में संघ द्वारा मांग की गई की वन स्टेट वन इलेक्शन के तहत किसी भी सरपंच का वह अन्य जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल नहीं घटकर वर्तमान में सरपंच बार में जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है उनका कार्यकाल बढ़ा कर उन्हें कार्य करने का अधिकार दिए जाने तथा जनप्रतिनिधियों को पूर्व की भांति कार्य करने के लिए स्वतंत्र करने की मांग की जिसमें ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज को मजबूती मिल सके इसके अलावा राज्य वित्त आयोग केंद्रीय वित्त आयोग महानरेगा कब बकाया राशि का भुगतान शीघ्र किया जाए तथा प्रधानमंत्री आवास प्लस में इस बार जो स्वीकृतिया जारी की गई है उसमें बहुत ही कम टारगेट दिए हैं उन टारगेटो को भी बढ़ाया जाए। इस अवसर पर निमोदा सरपंच नंदलाल मीणा भंवरा सरपंच अमृता कंवर झाड़ गांव सरपंच संजू मालव खेरूला सरपंच ब्रजराज मीणा खेड़ली तोरण सरपंच प्रतिनिधि हरिओम पंचोली टकरवाड़ा सरपंच महावीर गौतम आदि मौजूद रहे।

## ज्ञान के माध्यम से करें समस्याओं का निवारण न कि तंत्र मंत्र और पाखंड से : आचार्य शास्त्री

### आर्य समाज अंधविश्वास निवारण के लिए चला रहा है चेतना सप्ताह

हमारा समाचार



**कोटा।** छात्रों, बालकों व युवा पीढ़ी को अंधविश्वास व पाखंड के विरुद्ध सजग करने के लिए चलाए जा रहे चेतना सप्ताह के अंतर्गत आर्य समाज द्वारा आर्मी पब्लिक स्कूल में छात्र चेतना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के महामंत्री एडवोकेट चंद्र मोहन कुशवाहा ने बताया कि अंधविश्वास निवारण चेतन सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को आर्मी पब्लिक स्कूल माला फाटक कोटा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए आर्य समाज के वैदिक विद्वान आचार्य अग्निमित्र शास्त्री ने कहा कि जीवन में आने वाली समस्याओं का समाधान सद्ज्ञान के माध्यम से करें ना की तंत्र-मंत्र और पाखंड से। उन्होंने कहा कि अज्ञान के कारण लोगों में धार्मिक अंधविश्वास, पाखंड, जादू, टोने-टोटके में पड़े रहते हैं। अंधविश्वास से बचने के लिए तर्क को अपना आधार बनाएं। जो तार्किक दृष्टि से सही लगे वही सत्य हैं। शास्त्री ने कहा कि सामान्य व्यक्ति की समस्याओं और मजबूरी का फायदा उठाकर कुछ लोग ने एक ऐसा तंत्र विकसित कर लिया है जिससे वे चालाकी से धार्मिक रूप देकर लोगों का शोषण करते हैं। धर्म ग्रंथ अंधविश्वास और पाखंड से दूर रहने का उपदेश करते हैं। इस अवसर पर आर्य उप प्रति निधि सभा के प्रधान अरविंद पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि छींक आना ,हाथ में खुजली होना यह सब शारीरिक प्रक्रिया है इनका शुभ अशुभ से कोई संबंध नहीं है। इसी प्रकार से 13 अंक को अशुभ मानना, बिल्ली का रास्ता काटने पर अहित होना केवल अज्ञान मात्र है। इनका यथार्थ से कोई सम्बन्ध नही है। विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती प्रीति द्वारा छात्रों में जन जागरण के लिए इस प्रकार के कार्यों की आवश्यकता बल देते हुए आर्य समाज के सदस्यों का धन्यवाद व्यापित किया गया।

## हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने आईपीओ के जरिए 9,950 करोड़ जुटाने के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

हमारा समाचार

**नई दिल्ली।** वैश्विक डिजिटल और प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, जिसके सर्विसेज में अक कोर सेवा है और फॉर्च्यून 500 संगठनों में से 31 सहित विविध प्रकार के इसके ग्राहक हैं, ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश ( आईपीओ ) के माध्यम से 9,950 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक, सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया है। मुंबई मुख्यालय वाली कंपनी के आईपीओ में प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर सीए मैग्नम होल्डिंग्स (कार्लाइल प्राइवेट इक्विटी का एक सहयोगी ) द्वारा इक्विटी शेयर्स का पूरा ऑफर फॉर सेल शामिल है। हेक्सावेयर अमेरिका, यूरोप और एशिया-प्रशांत ( भारत और मध्य पूर्व सहित ) में ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है और इसकी वैश्विक डिलीवरी उपस्थिति है जिसमें 16 कार्यालयों द्वारा समर्थित 38 डिलीवरी केंद्र शामिल हैं। 30 जून, 2024 तक, इसके पास 28 देशों में 31,870 कर्मचारियों की एक टीम थी, जिसका नेतृत्व सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक कृष्ण रामकार्तिकियन कर रहे थे। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष उ 2023 तक, परिचालन से इसका राजस्व रु. 10,380 करोड़ था और 997 करोड़ रुपये का ढअळ था, और 30 जून, 2024 को समाप्त छह महीनों के लिए, परिचालन से राजस्व 5684 करोड़ रुपये था, जिसमें 553 करोड़ रुपये का ढअळ था। इस प्रस्ताव के बुक रनिंग लीड मैनेजर कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जे.पी. मॉर्गन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एचएसबीसी सिक्योरिटीज एंड कैपिटल मार्केट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड और आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड हैं। इक्विटी शेयरों को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

### पावटा अभिभाषक संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हमारा समाचार



**पावटा।** अधिवक्ता महेश कुमार शर्मा के साथ की गई मारपीट के विरोध में व आरोपियों को गिरफ़्तार करने को लेकर सोमवार को अभिभाषक संघ पावटा के अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा के नेतृत्व में अभिभाषक ने उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अभिभाषक संघ ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही नहीं की गई तो मंगलवार से अधिवक्ता गण द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा तथा न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा। इस अवसर पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा, सचिव ओम प्रकाश सैनी, अनिल कुमार यादव, मुकेश कुमार यादव, दिनेश कुमार दायमा, निर्मल कुमार मौर्य, लोकेश कुमार शर्मा, दिलीप सिंह शेखावत, अशोक सिंह गुर्जर, सुरेंद्र सिंह शेखावत, हजारीलाल यादव, गौरव शर्मा, घनश्याम शर्मा, नरेश यादव, धर्मपाल यादव, सीताराम सैनी, मेहर सिंह जाट, रघुवीर स्वामी, बनवारी लाल आर्य सहित अनेक अधिवक्ता गण सहित बुधराम यादव, महेंद्र वर्मा, हरि सिंह यादव, रामकिशन वर्मा, महेंद्र वर्मा, सुल्तान यादव, श्यामसुंदर शर्मा, सुभाष यादव, सूर्यकांत सैनी, उमेश, किशोरी लाल यादव स्टांप वेंडर उपस्थित रहे।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन, 51 यूनिट रक्त एकत्रित

### रक्त की एक बूंद किसी को जीवन का दान दे सकती है : हरिराम

हमारा समाचार



**पावटा।** पावटा के निकट ग्राम पंचायत सुजातनगर में सरपंच विनोद देवी की अध्यक्षता में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में कुल 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जीवनदाता ब्लड बैंक टीम द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। संयोजक हरिराम कटारिया ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। आपके रक्त की एक एक बूंद किसी को जीवन का दान दे सकती है। ई-मित्र संचालक राजेन्द्र यादव, सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुमार खारडिया, सचिन गुर्जर, सुभाष सिंह ने भी रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान विजय शर्मा, दीपक मीणा, उदयपाल सिंह, दशरथ यादव, प्रकाश जाँगिड, राहुल गुर्जर, डॉक्टर मोहन लाल, वैध योगेश यादव, कनिष्ठ सहायक हरीराम आर्य व जीवनदाता ब्लड बैंक टीम सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव का प्रचार प्रसार जोर शोर से



हमारा समाचार

**हरियाणा।** हरियाणा के रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी चिरंजीव राव के समर्थन में विशाल रैली का आयोजन किया गया। इस सभा में केंद्रीय एवं प्रदेश आलाकमान नेताओं के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी और ओबीसी विभाग के पदाधिकारी भी शामिल हुए नेशनल कोऑर्डिनेटर राजेंद्र सेन, राजस्थान ओबीसी विभाग प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव, अमर मंडावरा स्टेट कोऑर्डिनेटर, ओम प्रकाश जाखड़, नानुराम कुमावत जिला अध्यक्ष जयपुर ग्रामीण, भंवर गुर्जर ब्लॉक अध्यक्ष झोटवाड़ा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।जिला अध्यक्ष नानूराम कुमावत ने बताया कि अबकी बार हरियाणा में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत से सरकार बनने जा रही है और रेवाड़ी विधानसभा से भारी मतों से जीत हासिल होगी जिस प्रकार भाजपा ने हरियाणा में पिछले 10 वर्षों से कुशासन किया उससे जनता त्रस्त होकर भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया।

## उत्तम क्षमा तीन लोक का सार है: गुरूदेव आदित्य सागर

हमारा समाचार



**कोटा।** जैन धर्म का सबसे बड़ा पर्व पर्यूषण पर्व के तहत चंद्र प्रभु दिगंबर जैन समाज समिति की ओर से रजत सिटी के सामने, महाराणा प्रताप सर्किल के पास ऋद्धि-सिद्धि नगर कुन्हाड़ी में श्रुतसंवेगी श्री 108 आदित्य सागर जी मुनिराज संघ के मुनिराज ने अपने प्रवचन में उत्तम क्षमा पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि जीवन को जो पावन करे वह पर्व होता है। 10 लक्षणपर्व सौभाग्य से मिलते हैं, इन पर्व को छोड़ना नहीं चाहिए। यह 10 दिन एक्सचेंज ऑफर के दिन है, हर दिन एक अवगुण छोड़ो और गुण को अपनाओ। जो इस एक्सचेंज ऑफर में आएगा, उसकी जीवन बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तम क्षमा पर विचार प्रकट करते हुए कहा कि क्षमा यह आत्मा का धर्म है, इसलिए जो मानव अपना कल्याण चाहते हैं, उन्हें हमेशा इस भावना की रक्षा करनी चाहिए। क्षमावान्‍ मनुष्य का इस लोक और परलोक में कोई शत्रु नहीं होता है। क्षमा ही सर्व धर्म का सार है। क्षमा ही सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र रूप आत्मा का मुख्य सच्चा भंडार है। उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग,और ब्रह्मचर्य ये दर्शन-धर्म अक्षय-अविनाशी हैं और संसार के भय को दूर करने वाले हैं। उत्तम क्षमा तीन लोक में सार है, उत्तम क्षमा जन्मोत्तर समुद्र से पार करने वाली है, उत्तम क्षमा रत्नत्रय को प्राप्त कराने वाली है और उत्तम क्षमा दुर्गति के दुःखों का हरण करने वाली है। इस अवसर पर मौसम त्रिपाल रिद्धि–सिद्धि चातुर्मास समिति के अध्यक्ष टीकम चंद पाटनी,मंत्री पारस बज,कोषाध्यक्ष निर्मल अजमेरा,पारस कासलीवाल, जैन मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र गोधा, सचिव पंकज खटोड़,कोषाध्यक्ष ताराचंद बडला, राजकुमार पाटनी,जेनेन्द्र जज साहब सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## बुचारा में भोमिया जी महाराज के मेले का हुआ आयोजन

**पावटा।** पावटा के निकट बुचारा में खेड़ा का भोमिया जी महाराज के मंदिर में सोमवार को विशाल मेले का आयोजन हुआ। मेले में हजारों भक्तों ने भोमिया जी महाराज के धोक लगाई। मेले से एक दिन पूर्व महाराज के मंदिर में ध्वज पताकाएं चढ़ाई गई तथा विशाल भण्डारे का भी आयोजन हुआ। भंडारे में हजारों भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की । भंडारे में कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने भी शिरकत की ।बुचारा सरपंच औमप्रकाश गुर्जर , सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश महरड़ा, सुभाष अधाणा, श्रवण खण्डेलवाल, जगदीश खंडेलवाल सहित अनेक लोगों ने विधायक का माला पहनकर व साफा बांधकर स्वागत किया। इस अवसर पर सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। मेले में लोगो की भारी भीड़ उमड़ी रही। मेले में सजे बाजार में सामानों की अनेक दुकाने लगी। जिसमें महिलाओं व बच्चों ने जमकर खरीदारी की।

## इंडिया कार के एक्सक्लूसिव शोरूम 'महरिया किया' का भव्य शुभारंभ

हमारा समाचार

### अब चूरू में मिलेगी किया कंपनी की सभी गाडियां



**चूरू।** चूरू में राष्ट्रीय राजमार्ग रोड़ आपणो पेट्रोल पम्प के पास, रविवार को किया इंडिया कार के एक्सक्लूसिव व नवनिर्मित शोरूम ओर वर्कशॉप महरिया किया का भव्य उद्घाटन सवा ग्यारह बजे हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों ने दीप प्रवज्जलित करके व फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में *पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ,विधायक चूरू हरलाल साहरण, पूर्व विधायक नन्द किशोर महरिया, विक्रम सिंह प्रधान चुरु, एडीम उत्तम सिंह शेखावत, हरदत साहरण सरपंच ग्राम पंचायत केलाश, प्रवीण कुल्हरी, दिनेश चौधरी युवा नेता राजगढ़, आनंद मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस, विनोद गिल नेता भादरा आदी गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।कस्टमर ने बताया की किया कि कार अपने सेगमेंट में बहुत अच्छी कार है। मैंने सारे फिचर देखकर किया की गाड़ी आज खरीदीं है। जनरल मैनेजर राम सिंह ने बताया की किया इंडिया का शेखावाटी में यह तीसरा शोरूम खुला है। चूरू में शोरूम खुलने से ,तारानगर, राजगढ़ व अन्य सभी तहसील के लोगो को इसका लाभ मिलेगा। महरिया किया के डायरेक्टर प्रतीक महरिया व सिद्धार्थ महरिया ने आगंतुकों का स्वागत किया। मुख्य प्रबंधक व सैल्स मैनेजर वैभव शर्मा ने बताया कि शोरूम पर किया इंडिया की सभी रेंज की गाडियां उपलब्ध है, जैसे सेलटोज, सोनेट, कारेंस, कार्निवल इत्यादि। इन गाड़ियों की ऑनरोड कीमत साढ़े आठ लाख से 40 लाख तक है। इसके अलावा कस्टमर्स के लिए एक ही छत के नीचे सर्विस के लिए अत्याधुनिक वर्क्स शॉप, कंपनी सर्टिफाइड स्पेयर्स पार्ट्स, फाइनेंस की सुविधा, आरटीओ संबंधित सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा कस्टमर के लिए सभी मॉडल की टेस्ट ड्राइव उपलब्ध है।

### किया की भारत में हर वर्ष बनती है 3 लाख गाड़ियां, दस देशों में है प्लांट

साउथ कोरिया की यह कंपनी वर्ष 2019 से भारतीय बाजार में है। आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में किया का मैन्युफैक्चरिंग प्लांट है। यहा पर हर वर्ष 3 लाख गाड़ियां बनती है। जनरल मैनेजर वैभव शर्मा ने बताया कि भारत में किया के पांच मॉडल उपलब्ध है। किया ने अब तक 1200 से अधिक पुरुस्कार जीते है।

### शोरूम में मौजूद है सभी प्रकार की सुविधाएं

किया इंडिया के एक्सक्लूसिव शोरूम महरिया किया विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुज्जजित चूरू का पहला आधुनिक शोरूम है। निदेशक सिद्धार्थ महरिया ने बताया कि नवीनतम प्लेटफार्म पर आधारित शोरूम है। यहां पर कस्टमर्स के लिए सर्विस, सेल्स, पार्ट्स, इंश्योरेंस, फाइनेंस जैसी सभी सुविधाएं मौजूद है। आधुनिक टेक्नोलॉजी वाली मशीनें है। इसके अलावा पानी को रिसाइकलिंग करने के लिए इटीपी प्लांट लगाया गया है। प्राकृतिक नुकसान को ध्यान में रखते हुए 125 किलोवॉट का सोलर प्लांट लगाया गया है।

# लोककल्याण में वेदो की उपयोगिता पर एक दिवसीय वेद संगोष्ठी, महत्व पर डाला प्रकाश

## 50 से अधिक विद्वानों ने लिया भाग

हमारा समाचार

जयपुर। राजस्थान राज्य संस्कृत शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण संस्थान महापुरा जयपुर के तत्वावधान में "वेदानां लोककल्याणाय उपयोगिता" विषय पर वेद संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जयपुर जिले के 50 संस्कृत विद्वानों ने भाग लिया। इस संगोष्ठी में ऋग्वेदाचार्य प्रोफेसर आनंद पुरोहित व जग–रु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वाविद्यालय के अथर्ववेदाचार्य प्रोफेसर नारायण होसमने ने संबोधित किया। प्रोफेसर आनंद पुरोहित ने वेदों



की वर्तमान समय में उपयोगिता बताते हुए 16 संस्कारों के बारे में बताया। प्रोफेसर नारायण होसमने ने वेदों में पर्यावरण संरक्षण और पंचमहाभूतों का वर्तमान काल से तुलनात्मक संबंध बताते हुए उपयोगिता पर प्रकाश डाला। एसएसआईईआरटी उपनिदेशक डॉ चंद्र प्रकाश शर्मा ने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि वेद विद्वानों को मानव कल्याण के लिए वैदिक ज्ञान को आमजन तक पहुंचाने के लिए आवश्यक शोधकार्य और अनुसंधान करने के लिए प्रोत्साहित किया। वैदिक मंगलाचरण डॉ प्रदीप भारद्वाज एवं लौकिक म?गलाचरण डॉ देवेंद्र चतुर्वेदी और संगोष्ठी का संचालन कानाराम जाट ने किया। इस अवसर पर संगोष्ठी प्रभारी डॉक्टर प्रदीप भारद्वाज, समन्वयक ममतेश शर्मा, व्यवस्थापक प्रभाती लाल, विजय मीणा रतनलाल मुंडोतिया, महेश शर्मा, डॉ रामप्रसाद धर्माचार्य, कृष्णदास चेला, डॉ जगदीश कौडिन्य, ज्योत्स्ना शर्मा, प्रीति शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कोटा ACB ने आकस्मिक चेकिंग में ईओ को पकड़ा

## रेलवे स्टेशन पर बैग से 1 लाख 76 हजार रुपए मिले, ट्रेन में बैठकर जयपुर जाने वाला था



**कोटा।** एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) कोटा टीम ने प्रमोशन के दो दिन बाद ही बारां के जिला रसद कार्यालय के प्रवर्तन अधिकारी को पकड़ा है। उसके पास से 1 लाख 76 हजार रूपए बरामद हुए है। रिश्वत की रकम लेकर प्रवर्तन अधिकारी दिनेश चौबे जयपुर जा रहा था। ACB टीम ने टीम ने कोटा रेलवे स्टेशन पर आकस्मिक चेकिंग के दौरान उसे पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि राशन डीलरों से उसने रिश्वत के रुपए लिए। फिलहाल एसीबी की टीम पूछताछ में जुटी है।

एडिशनल एसपी विजय स्वर्णकार ने बताया- बारां के जिला रसद कार्यालय के प्रवर्तन निरीक्षक दिनेश चौबे की ओर से क्षेत्र के राशन डीलरों से रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। शिकायत का सत्यापन करवाया गया। एसीबी टीम ने उस पर नजर रखी।

### ट्रेन में बैठने से पहले ही दबोचा

टीम को अधिकारी के जयपुर जाने की सूचना मिली। इस पर ने 4-5 जगह पर नाकाबंदी की गई। एसीबी की टीम कोटा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म -1 पर पहुंची। आज दोपहर 12 बजकर 45 मिनट के आस-पास अधिकारी ने रणथंभौर एक्सप्रेस का टिकट लिया। ट्रेन में बैठने से पहले ही अधिकारी को पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से बैग से रिश्वत की राशि 1 लाख 76 हजार रुपए मिले।

### आरोपी के आवासों पर तलाशी

आरोपी बांदीकुई का रहने वाला है। परिवार जयपुर में रहता है। अब एसीबी की टीम आरोपी के बारां, बांदीकुई और जयपुर आवास की तलाशी में जुटी है। चौबे दो दिन पहले ही प्रमोशन लेकर प्रवर्तन अधिकारी बना है। रिश्वत की रकम के संबंध में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# भारतीय सेना में नायब सूबेदार धर्मगुरु बनने पर पूर्व विद्यार्थी लखन पारीक का विद्यालय परिवार ने किया स्वागत सत्कार



हमारा समाचार

**बिजोलिया -** कस्बे के उच्च माध्यमिक बाल विद्या मंदिर स्कूल से भारतीय सेना में नायब सूबेदार धर्मगुरु बनने पर पूर्व विद्यार्थी व सूबेदार धर्मगुरु लखन पारीक का विद्यालय ने सम्मान समारोह आयोजित कर स्वागत सत्कार किया। कार्यक्रम के मुख्य अध्यक्ष नायब सूबेदार धर्मगुरु को विद्यालय प्रबंध समिति के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट, माल्यार्पण कर एवं मुंह मीठा करवा कर शुभकामनाएं प्रेषित की गई। अपने इस उपलब्धि पर विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी ने अपने द्वारा विद्यालय में बीते समय को याद किया एवं विद्यालय की उपलब्धियो को गिनाया। विदित रहे की कक्षा आठवी तक की पढ़ाई लखन पारीक ने बाल विद्या मंदिर स्कूल से की है। इसके लिए लखन ने सभी विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। सम्मान समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष कुलदीप सनाढय, सचिव निलेश सनाढय, प्रशाशिका आकांक्षा शर्मा, प्रधानाचार्य कैलाश नाथ, शैतान प्रजापत, माता निर्मला देवी, शिवानी, भुपेश हरिओम पारीक सहित स्टॉफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# जेडीए की जमीन पर बना दिया विवाह स्थल, बेखौफ चल रहा निर्माण

हमारा समाचार

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के जॉन संख्या 12 में अवैध निर्माण की बाढ़ सी आ गई है। प्रशासन कार्रवाई से बैखौफ होकर कच्चे पक्के अवैध निर्माण धडल्ले से हो रहे हैं मगर जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। कालवाड़ रोड सरकारी जमीनों पर कब्जा करने के लिए भू माफियाओ की पहली पसंद बन गई है। इस इलाके में भू माफिया निडर होकर सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण कर कब्जा कर रहे हैं। ताजा उदाहरण किशोरपुरा रोड पर 200 फीट प्रस्तावित रोड का है जहां प्रस्तावित सड़क के ऊपर ही बना विवाह स्थल बना दिया। बता दें कि कृषि भूमि सहित 200




फीट प्रस्तावित सड़क पर कमर्शियल कार्य का निर्माण इन दिनों धड़ले से चल रहा है। अतिकर्मियों की ओर से विवाह स्थल तैयार किया जा रहा है जबकि किशोरपुरा रोड पर यह जमीन कुछ तो कृषि भूमि और कुछ जयपुर विकास प्राधिकरण की 200 फीट सड़क प्रस्तावित ज़मीन है। इस सड़क मार्ग से जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी भी गुजरते हैं मगर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं जिससे मिलीभगत की बू जरूर नजर आ रही है।

# छात्राओं को नेत्रदान की उपयोगिता बताई



**कोटा।** जेडीबी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों व मेडिकल कॉलेज कोटा की ओर से राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमबीएस अधीक्षक डॉ. धर्मराज मीणा रहे। उन्होंने नेत्रदान पखवाड़े की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. घनश्याम मीणा ने लोगों में फैली नेत्रदान की प्रति भ्रांतियां को दूर किया। एमबीएस अस्पताल के नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार मीणा ने 3डी मॉड्यूल द्वारा नेत्र की संरचना बताई। छात्राओं को बताया कि आंखों की ऊपरी परत कॉर्निया ही नेत्रदान में लिया जाता है। डॉ. प्रियंका ने पीपीटी के माध्यम से नेत्रदान की उपयोगिता बताई। इस दौरान प्राचार्य डॉ. अजय विक्रम सिंह, स्काउट गाइड के उप प्रधान यज्ञदत्त हाड़ा, नेत्र विभाग के चिकित्सक डॉ. जयश्री सिंह, डॉ. वंशिका अरोड़ा, डॉ. एकता करहाना, डॉ. पूजा कपाड़िया, डॉ. अनीता गाट, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. रेखा कलानी, डॉ. सरस्वती अग्रवाल मौजूद रहे।

# कैलाश चंद्र सुथार बने शिक्षक संघ बिजौलिया के अध्यक्ष

**बिजोलिया (बलवंत जैन)** रविवार को कस्बे के छाई बाई बालाजी मंदिर परिसर में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा बिजोलिया की कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न हुआ। सभाध्यक्ष गोपाल लाल स्वर्णकार की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से कैलाशचंद्र सुथार को अध्यक्ष, बद्रीलाल धाकड़ को मंत्री व मधुसूदन धाकड़ को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक बनवारी लाल काबरा व रामस्वरूप जी सुथार चुनाव अधिकारी मनोज



कुमार गुर्जर के सानिध्य में उप शाखा के चुनाव संपन्न हुए। नव निर्वाचित अध्यक्ष कैलाश चंद्र सुथार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की शिक्षक समस्याओं को संगठन के माध्यम से पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा व बिजोलिया उपशाखा मे सदस्यता संख्या में वृद्धि कर मजबूती प्रदान करेंगे। इस अवसर पर आयोजित बैठक में अशोक कुमार सोनी, लोकेंद्र सिंह राव, हेमंत राठौर, हरीश धाकड़, राजेश गुर्जर, राजेश कसाना, प्रवीण पोटर, दिलकुश जांगिड़, गजेंद्र मीणा व शिवराम प्रजापत समेत कहीं शिक्षक मौजूद थे।

# जैन श्वेतांबर श्री संघ बिजोलिया ने पर्यूषण महापर्व के अंतिम दिन मनाया सामूहिक क्षमायाचना पर्व



हमारा समाचार

**बिजोलिया-** बिजोलिया कस्बे के स्थानकवासी जैन श्वेतांबर श्री संघ के द्वारा पर्युषण महापर्व के अंतिम दिन को क्षमापना पर्व के रूप में एक दूसरे से सामूहिक क्षमा याचना कर मनाया। इस अवसर पर जैन श्री संघ के द्वारा कस्बे में भव्य शोभायात्रा का आयोजन भी किया गया। शोभा यात्रा जैन स्थानक से प्रारंभ होकर राजपूत मोहल्ला, जैन मंदिर के रास्ते, सदर बाजार होते हुए पंचायत चौक, सब्जी मंडी, तेजाजी चौक के रास्ते पुनः स्थानक भवन पहुंची। इस दौरान जैन श्री संघ की महिलाओं व पुरुषों के द्वारा स्थानक भवन में सामूहिक नवकार मंत्र का जाप किया गया। शोभा यात्रा के दौरान श्री संघ के श्रावक व श्राविकाओ ने सभी कस्बेवासियों से क्षमा याचना करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में महिलाएं पीली पोशाक में और पुरुष एवं बच्चे सफेद पोशाक पहने हुए थे। नन्हे मुन्ने बचे भगवान श्री महावीर के नारे लगाते हुए हाथो में जैन धर्म की पताकाए लेकर चल रहे थे। शोभा यात्रा में समाज के वरिष्ठजन, नवयुवक मंडल, बालिका मंडल, महिला मंडल एवं बच्चे उपस्थित थे। शोभा यात्रा के पश्चात सामूहिक गोतम प्रसादी का आयोजन विजय कुमार बरडिया की तरफ से अपने छोटे भाई संजय बरडिया के सुपुत्र नरेंद्र बरडिया के तेला (तीन उपवास) तप के उपलक्ष में किया गया।

# कांग्रेस को लगा झटकाः निकाय उपचुनाव में वार्ड तीन से भाजपा के नंदकिशोर जीते



**बीकानेर।** 2019 के नगर निगम चुनाव में भाजपा के जो नंदकिशोर निर्दलीय उम्मीदवार से 100 वोटों से हारे थे उन्होंने उपचुनाव में कांग्रेस के नंदलाल को 902 वोटों से चुनाव हरा दिया। दरअसल इस वार्ड से पहले निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव जीते थे। उनके निधन के कारण पांच सितंबर को उपचुनाव हुआ। भाजपा के नंदकिशोर को 1750 वोट मिले। कांग्रेस के नंदलाल को 848 वोट हासिल हुए। इसके अलावा निर्दलीय गणेश कच्छावा को 451,जयसिंह को 12, लक्ष्मण कुमार को 260 वोट हासिल हुए। 19 वोट नोटा को मिले। कुल 3340 वैध मत पाए गए थे जिनकी गिनती हुई। वार्ड 3 से जीत के बाद नगर निगम में भाजपा के पास अब 40 पार्षद हो गए। इससे पहले 39 पार्षद थे। यानी कुल 80 वार्डों में 40 भाजपा के खुद के हैं। कांग्रेस और निर्दलीय शेष 40 में शामिल हैं। नगर निगम का जब कार्यकाल खत्म हो रहा ऐसे मौके पर भाजपा को मिली जीत स्थानीय समीकरण की बदौलत बताई जा रही है। जीत हासिल करने के बाद पार्षद नंद किशोर भाजपा कार्यालय और मेयर हाउस पहुंचे। जहां उनका स्वागत किया गया।

# भरतपुर टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची, प्री-क्वार्टर में डूंगरपुर टीम को हराया



**भरतपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में जयपुर में आयोजित की जा रही राज्यस्तरीय अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल मैच में भरतपुर की अंडर-16 टीम ने डूंगरपुर की टीम को 9 विकेट से हराते हुए बड़ी जीत हासिल की है एवं राज्यस्तरीय अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुधन तिवारी ने बताया कि जयपुर के अरावली क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में भरतपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 50 ओवर के मैच मे डूंगरपुर की पूरी टीम 30 ओवर में मात्र 97 रन ही बनाकर ऑल आउट हो गई। आशीष प्रजापत ने 3, राज वाल्मीकि ने 2 विकेट लिए। भरतपुर की टीम ने एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच आशीष प्रजापत को दिया गया। भरतपुर की टीम अब राजस्थान के क्वार्टर फाइनल में बीकानेर की टीम से 8 और 9 सितंबर को जयपुर के अरावली क्रिकेट मैदान पर दो दिवसीय मैच खेलेगी ।

## सरकार चुनाव के मूड में नहीं लग रही

# नवंबर में खत्म हो रहा बीकानेर समेत 3 नगर निगमों का समय, सरकार का रुख अधर में

**बीकानेर।** साल 2019 से 2021 तक नगर निगम और निकायों के चुनाव हुए थे। इस साल चरणबद्ध कार्यकाल खत्म होने का समय आ गया। नवंबर में बीकानेर, उदयपुर और भरतपुर नगर निगम समेत 46 नगर परिषदों और नगर पालिकों का कार्यकाल खत्म होने वाला है। सरकार चुनाव के मूड में नहीं लग रही। इसलिए बीकानेर नगर निगम में लगाए गए आईएएस से कयास लगाए जा रहे कि सरकार यहां प्रशासक लगाएगी।

दरअसल 2019 से 2021 तक लगातार निकायों के चुनाव चलते रहे। नवंबर 2019 में बीकानेर, भरतपुर और उदयपुर नगर निगमों के साथ करीब 46 और नगर परिषद, नगर पालिकाओं के चुनाव हुए। इसलिए नवंबर 2019 में जिन निकायों के चुनाव हुए उनका कार्यकाल अब सिर्फ ढाई महीना बचा है। हालांकि निकायों की आचार संहिता एक महीने पहले लागू कर चुनाव होते रहे हैं, इसलिए सरकार अभी भी यहां चुनाव करवा सकती है। वन-स्टेट-वन इलेक्शन के कांसेप्ट से प्रदेश के लोग हैरान हैं। इधर सरकार कोई रुख स्पष्ट कर नहीं रही। न तो ये निर्णय हो सका कि पंचायत और समस्त निकायों के चुनाव एक साथ होंगे और न ही जिन निकायों का कार्यकाल खत्म हो रहा वहां चुनाव की तैयारी है। पंचायत और निकायों के एक साथ चुनाव में सबसे बड़ी बाधा ईवीएम की है। सूत्र बताते हैं कि सरकार भले खत्म होने वाले कार्यकाल से पहले चुनाव कराए पर जहां कार्यकाल खत्म हो रहा वहां प्रशासक लगाने की तैयारी जरूर है। बीकानेर नगर निगम में कार्यकाल समाप्त होने से ठीक पहले आईएएस मयंक मनीष को आयुक्त लगाना इसी बात का संकेत है।

### जानें, कब किसका कार्यकाल खत्म हो रहा

- बीकानेर, भरतपुर और उदयपुर नगर निगम का 26 नवंबर 2019 को कार्यकाल पूरा हो रहा है। इस दिन तीनों मेयरों का चुनाव हुआ था। इसके साथ ही 46 नगर परिषद-नगर पालिकाओ का भी चुनाव हुआ था।




- जयपुर के दो, जोधपुर के और कोटा के दोनों नगर निगमों का चुनाव अक्टूबर-नवंबर 2020 में हुआ था। इसलिए इनका कार्यकाल अगले साल नवंबर में खत्म होगा। क्योंकि 2020 में ही इन तीनों जगह दो-दो निगम किए गए थे।
- दिसंबर 2020 में करीब 50 नगर परिषद और नगर पालिकाओं के चुनाव हुए थे।
- अजमेर नगर निगम समेत करीब 90 नगर परिषद और नगर पालिकाओं के चुनाव हुए थे। इसी सूची में बीकानेर की श्रीडूंगरगढ़, नोखा, देशनोक नगर पालिका का चुनाव हुआ था। इस साल इन तीनों के साथ खाजूवाला नगर पालिका का भी चुनाव होगा। अगर समय पर लूणकरणसर और नापासर नगर पालिका के गठन की प्रक्रिया हो गई तो यहां भी चुनाव संभव हैं।

### बीडीए गठन की प्रक्रिया के लिए अपर्णा को यूआईटी में भेजा

नगर विकास न्यास में आईएएस को सचिव शायद ही कभी बनाया गया हो पर इस बार आईएएस अपर्णा गुप्ता को भेजा गया। सरकार ने अपर्णा को भेजकर स्पष्ट कर दिया कि बीकानेर विकास प्राधिकरण की जो प्रक्रिया शुरू होनी है वो आईएएस की ही देखरेख में होगी क्योंकि आगे चलकर बीडीए कमिश्नर आईएएस को ही लगाया जाना है। क्योंकि बीडीए में तमाम सर्वे, बीडीए का नया कानून, धाराएं, उपधाराओं के अलावा बोर्ड का गठन समेत तमाम काम करने हैं। इसके अलावा बीडीए की सीमा, अधिग्रहण से लेकर योजना जैसे काम करने हैं इसलिए सरकार ने अभी से आईएएस लगाकर इस पर काम शुरू कर दिया है।


# मारुति सुजुकी वैगन-आर सीएनजी पर विशेष ऑफर

**भरतपुर।** मारुति सुजुकी इंडिया के वाहनों के अधिकृत डीलर टीएम मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड पर मारुति सुजुकी वैगनआर सीएनजी के प्रति ग्राहकों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। महाप्रबंधक अपूर्व पचौरी ने बताया मारुति सुजुकी वैगनआर सीएनजी पर सितंबर माह में विशेष उपभोक्ता ऑफर के अंतर्गत 40000 रुपए की बचत, तथा 15000 रुपए का एक्सचेंज बोनस दिया जा रहा है, व किसान भाइयों और सरकारी कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त ऑफर भी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया की वैगन आर सीएनजी अपनी उन्नत तकनीक और 34.04 किमी/किग्रा के उत्कृष्ट माइलेज के कारण राजस्थान के ग्राहकों की पहली पसंद बन चुकी है। उन्होंने बताया कि इस वाहन में आकर्षक डिजाइन व पर्याप्त जगह के साथ इसमें आरामदायक बैठने की सुविधा है।



हमारा समाचार
आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2012/45657 डाक पंजीयन संख्या RJ/JPM/151/2022-2024



# भुवनेश्वरी वाटिका में 'पहले चोरी और फिर सीनाजोरी' जेडीए नियमों की उड़ा दी धज्जियां; अब गाज गिरना तय!

**बजरी मंडी रोड स्थित भुवनेश्वरी वाटिका के प्लॉट नं. 26, 27 और 28 में अनुमोदित नक्शे के विपरीत पांचवी मंजिल पर बना दिया पेन्ट हाउस**

**कोर्ट में दाखिल जवाब भी फर्जी निकले**

**अब जेडीए द्वारा नोटिस जारी कर दी गई सात दिनों की मियाद आज होगी पूरी, अब देखना है किस तरह होगा एक्शन**



### अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए दी गई सात दिनों की मियाद आज होगी पूरी

जनकारी के अनुसार पूरी तरह अवैध पाए गए इस अवैध निर्माण को हटाने के लिए जेडीए के प्रवर्तन अधिकारी द्वारा लीगल नोटिस जारी कर 7 दिनों का समय दिया था जिसकी मियाद आज पूरी हो रही है। लेकिन, अब तक मौके से अवैध निर्माण नहीं हटाया गया है। अवैध निर्माण की बात करें तो उपरोक्त् भूखंड़ों पर स्वीकृत साईट प्लान के विपरीत स्टील्ट फ्लोर पर 5 कमरे, बैसमेंट में सर्वेन्ट रूम बनाये हुए है। साथ ही पांचवीं मंजिल पर पेन्ट हाउस का निर्माण भी अनुमोदित मानचित्र से भिन्न है। ऐसे में अब देखना रोचक होगा कि जेडीए द्वारा इस अवैध निर्माण पर कब आर क्या एक्शन लिया जाता है।

हमारा समाचार

**जयपुर।** पहले चोरी और फिर सीनाजोरी.. यह कहावत भुवनेश्वरी वाटिका में किए गए अवैध निर्माण पर पूरी तरह सटीक साबित होती है। यहां ना सिर्फ जेडीए द्वारा अनुमोदित नक्शे के विपरीत अवैध निर्माण कर लिया गया बल्कि न्यायालय में दाखिल जवाब भी फर्जी साबित हुए। ऐसे में अब इस अवैध निर्माण पर गाज गिरना तय है। जेडीए प्रवर्तन अधिकारी द्वारा 3 सितम्बर को 7 दिनों की मियाद देते हुए अवैध निर्माण हटाने का नोटिस दिया गया था लेकिन अब तक मौके से किसी प्रकार का अवैध निर्माण नहीं हटाया गया है। आज यानि 10 सितम्बर को 7 दिनों की मियाद पूरी हो रही है ऐसे में देखना रोचक होगा कि जेडीए इस अवैध निर्माण पर किस तरह का एक्शन लेता है। पूरे प्रकरण के अनुसार बजरी मंडी रोड स्थित जेडीए की अनुमोदित योजना भुवनेश्वरी वाटिका में बिना स्वीकृति एवं बिना अनुमति के भूखण्ड संख्या 26, 27, 28 में अनुमोदित भवन मानचित्र के विपरीत स्टील्ट ग्राउण्ड+4 मंजिला निर्माण कर पांचवी मंजिल के लिए पेन्ट हाउस का निर्माण कर लिया गया। इस संबंध में जेडीए द्वारा पूर्व में भी पोटिस जारी किए गए थे। जारी नोटिस के विरुद्ध अवैध निर्माण करने वाले द्वारा ही न्यायालय अपीलीय अधिकरण जविप्रा में अपील दायर की गयी। जिसमें अवैध निर्माण पर जवाब पेश किया गया। लेकिन, जब उपायुक्त जोन कार्यालय से इसका परीक्षण करवाया गया तो यह जवाब फर्जी साबित हुए। परीक्षण में खुलासा हुआ कि उपरोक्त भूखण्डों पर जविप्रा द्वारा स्वीकृत साईट प्लान के विपरीत स्टील्ट फ्लोर पर 5 कमरे, बैसमेंट में सर्वेन्ट रूम बनाये हुए जो अनुमोदित मानचित्र से भिन्न है। साथ ही उपरोक्त भूखण्डों पर पेन्ट हाउस का निर्माण अनुमोदित मानचित्र से भिन्न है। गौरतलब है कि उच्च न्यायालय राजस्थान जयपुर के द्वारा जनहित याचिका गुलाब कोठारी बनाम राज सरकार एवं अन्य में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण/अतिक्रमण को नियमित / कम्पाउण्ड नहीं किये जाने का स्पष्ट आदेश दिया गया है।

## श्री विनायक कार्गो ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को वितरित किए छाते



हमारा समाचार

**जयपुर।** ट्रेफिक पुलिस हर मौसम में और हर कदम हमारी सुरक्षा के लिए तत्पर रहती है। वर्तमान मौसम बारिश का है इसी बात के मद्देनजर श्री विनायक कार्गो, जयपुर के प्रोपराइटर कृष्ण कुमार जांगिड़ (परचुन ट्रक यूनियन माहसचिव) की ओर से ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को छाते वितरित किए गए। इस दौरान परचून ट्रक यूनियन कोषाध्यक्ष रणधीर जांगिड़ भी मौजूद रहे। कृष्ण कुमार की इस पहल की सभी ने सराहना की।

## झोटवाड़ा विधानसभा में जिला प्रमुख चौपड़ा ने बनाए भाजपा के नए सदस्य



हमारा समाचार

**जयपुर।** भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के तहत सोमवार को झोटवाड़ा विधानसभा की ग्राम पंचायत पीथावास की मंगलम सिटी के कावेरी अपार्टमेंट में जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा ने भाजपा की देशहित नीतियों व विकास कार्यों से प्रभावित आमजन को पार्टी का सदस्य बनाया। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सदस्यता अभियान राजस्थान प्रदेश प्रभारी कृष्णा गौर, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल गेदर, उपाध्यक्ष सुनील गहलोत, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री सरोज कुमावत, स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि सीताराम यादव सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जोबनेर में पेयजल समस्या पर छिड़ा घमासान भाजपा मंडल जोबनेर की पहल पर हुआ समाधान

### अधिकारियों ने किया सुचारू सप्लाई व्यवस्था के लिए आश्वस्त

**पीएचईडी विभाग के अधिशासी अभियंता के साथ जोबनेर की आम जनता एवं सभी वार्डों के जनप्रतिनिधियों ने की चर्चा**



हमारा समाचार

**जोबनेर।** भाजपा मंडल जोबनेर की पहल पर जोबनेर नगर में पानी की सप्लाई की समस्या को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका कार्यालय में पीएचईडी विभाग के अधिशासी अभियंता हिमांशु मिल के साथ जोबनेर की आम जनता व सभी वार्डों के जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गई। सामेवार की बैठक में पानी की सप्लाई को लेकर बैठक में उपस्थित महिलाओं में गहरा आक्रोश नजर आया। महिलाओं ने आए हुए अधिकारियों को विभाग की नाकामियों को लेकर खूब खरी-खोटी सुनाई। पूर्व पालिका अध्यक्ष फूलचंद मीणा ने पानी सप्लाई में आ रही समस्या को लेकर अधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही जोबनेर पीएचईडी जेईएन द्वारा पानी की सप्लाई को लेकर किसी प्रकार की कोई विभागीय कार्रवाई नहीं करने का आरोप सभी जनप्रतिनिधियों व आम जनता ने लगाया। आम जनता की समस्याओं को सुनकर पीएचडी विभाग के अधिशासी अभियंता हिमांशु मिल ने सभी को पानी की सप्लाई को लेकर कुछ दिनों में सुचारू सप्लाई व्यवस्था के लिए आश्वस्त किया। पानी की सप्लाई का समय व रोज सप्लाई को लेकर बात बनी। इस बैठक में नगर पालिका अध्यक्षा, वार्डों के पार्षद एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**महिलाओं में दिखा जबर्दस्त आक्रोश**

## एडीएम ने की बजट घोषणाओं की क्रियान्विती की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**लंबित प्रकरणों की ली जानकारी और दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश**

**दूदू में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित**



हमारा समाचार

**दूदू।** जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक सोमवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर गोपाल परिहार की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की प्रगति, ई-फाइल, संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरण, विभिन्न आयोगों व सतर्कता में लंबित प्रकरणों सहित विभागीय प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले में बजट घोषणाओं के तहत कराये जाने वाले कार्यों के भूमि आवंटन की विभागवार समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल सहित विभिन्न स्तरों पर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। फसल खराबा के मुआवजे के संबंध की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को मुआवजे के लंबित परिवादों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि ने अवगत कराया की फसल वर्ष खरीफ 2023 के लिए अब तक 48.97 करोड़ का फसल खराबे का मुआवजा दिया जा चुका है एवं शेष दावों पर आपतियां हटने के बाद दिया जायेगा। वहीं फसल वर्ष रबी 2023-24 के लिए 29.42 करोड़ का मुआवजा देने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इस दौरान बैठक में दूदू उपखंड अधिकारी योगेश सिंह, फागी उपखंड अधिकारी राकेश कुमार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी नीरू मीणा, जिला रसद अधिकारी सौरभ जैन, जिला शिक्षा अधिकारी रेणु तंवर, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक केके मंगल, उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ. पीसी वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के एसीपी अनिल मेघवंशी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संस्था प्रधानों की दो दिवसीय वाकपीठ संगोष्ठी का शुभारम्भ



हमारा समाचार

**जयपुर।** ब्लॉक झोटवाड़ा के माध्यमिक स्तर के संस्था प्रधानों की दो दिवसीय सत्रारम्भ वाकपीठ संगोष्ठी का सोमवार को शुभारम्भ हुआ। संगोष्ठी का आगाज सेवानिवृत मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बीना खत्री की अध्यक्षता एवं सचिव राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल डॉ. अरुणा शर्मा के विशिष्ठ आतिथ्य में रामेश्वरम उच्च माध्यमिक विद्यालय लालचंदपुरा में हुआ। इस अवसर पर अन्य विशिष्ठ अतिथि रामेश्वरम उच्च माध्यमिक लालचंदपुरा के निदेशक नवल किशोर शर्मा तथा अति. बीईओ गोवर्धन लाल देवत रहे। सत्रारम्भ के बाद संस्था प्रधान वाकपीठ संगोष्ठी के अध्यक्ष एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय चक बावड़ी के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने बताया कि पहले दिन विभिन्न प्रकार के अवकाश, उनका अनुमोदन एवं संधारण एवं राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल राजस्थान में प्रवेश एवं परीक्षा प्रक्रिया पर चर्चा हुई।



## तीन दिवसीय 68 वीं जिलास्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आगाज



हमारा समाचार

**रेनवाल मांजी।** स्थानीय छाजूराम पैराडाइज गार्डन में चौधरी आदर्श विद्या मंदिर के संयोजन में 68 वीं जिलास्तरीय छात्रा-वर्ग (17-19) वर्ष कुश्ती प्रतियोगिता का आगाज हुआ। प्रतियोगिता में 17 वर्ष वर्ग व 19 वर्ष वर्ग की छात्राएं भाग ले रही है। उद्घाटन कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक चाकसू रामावतार बैरवा एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण मीणा के आतिथ्य में हुआ। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच रेनवाल माजी संजय बुनकर ने की। कार्यक्रम संयोजक राजूलाल निठारवाल, हनुमान तोगड़ा ने कहा कि प्रतियोगिता के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें जयपुर ग्रामीण से कुश्ती की खिलाड़ी शामिल हुई। इस अवसर पर विधायक रामावतार बैरवा ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेल कर ही आगे बढ़ा जा सकता है। साथ ही विधायक ने सभी छात्र-छात्राओं से शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति करने की बात भी कही। विद्यालय निदेशक हनुमान सहाय तोगड़ा ने आए हुए अतिथियों का माला साफ पहनाकर स्वागत सत्कार किया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा बलवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष तेजपाल भाकर, स्कूल शिक्षा परिवार की उपाध्यक्ष मांगू सिंह, स्कूल शिक्षा परिवार के ब्लॉक अध्यक्ष रामकरण मीणा, हीरापुरा सरपंच गोपाल मीणा सहित अनेक जन प्रतिनिधि, सरकारी विद्यालयों के अध्यापक व निजी विद्यालयों के निदेशक उपस्थित रहे।

## ऐतिहासिक सफलता पर 'ओजोन ने मनाया उत्सव' प्रतिभा सम्मान समारोह में होनहारों का किया सम्मान

**संस्था प्रधान ढकरवाल ने विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित**

**12वीं कक्षा के साथ ही जेट सीयूईटी में टॉप एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार से नवाजा**









हमारा समाचार

**जोबनेर।** सम्पूर्ण राजस्थान में सिलेक्शन का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाने वाले ओजोन इंस्टिट्यूट के विद्यार्थियों ने 2024 में भी सलेक्शन का एक कीर्तिमान स्थापित किया है। ओजोन इंस्टिट्यूट जोबनेर में सलेक्टेड सैकड़ों विद्यार्थियों एवं 12वीं कक्षा के साथ ही जेट सीयूईटी में टॉप एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में चयनित विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान जीएसटी विभाग में डिप्टी कमिशनर डॉक्टर मदन देगड़ा, विशिष्ट अतिथि सहायक कृषि निदेशक डॉक्टर नेमराज सुंडा रहे। इसके साथ ही भाजपा मण्डल जोबनेर अध्यक्ष पंकज जोया, व्याख्याता माखनलाल डबरिया, अधिवक्ता विक्की चौधरी, सुरेश डोगीवाल, मूलचंद चौधरी, केदार नोगिया, सहायक प्रशासनिक अधिकारी दिलीप कुमार जलूथरिया, एसकेएन कृषि विश्वविद्यालय अध्यक्ष आशीष कुलहरी, स्टॉफ गण अंगिता चौधरी, पेमाराम ढकरवाल, प्रशांत भावरीया, कैलाश यादव, हीरालाल चौधरी, विशाल जोशी, लक्ष्मीनारायण कुमावत, सुरेश यादव, नरेंद्र ढकरवाल, कुलदीप चौधरी, मोहन मीणा, रामसुख चौधरी, मालीराम वर्मा, नवल किशोर कुमावत आदि उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में विद्यार्थी अपने अभिभावकों समेत पहुंचे। ओजोन की तरफ से न सिर्फ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया बल्कि उनके अभिभावकों और स्टाफ को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। ओजोन के संस्थापक ढकरवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां पहुंचे सभी विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक बधाई के पात्र हैं। ढकरवाल ने कहा कि जो मेधावी छात्र यहां उपस्थित हैं, यह भविष्य के भारत की नींव हैं और यही विद्यार्थी आगे चलकर बहुत बड़े-बड़े पदों को सुशोभित करेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी विद्यार्थी ओजोन में आकर उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं उनका भी यहां खुले दिल से स्वागत है। बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि 12वीं के बाद विद्यार्थियों के भविष्य की एक अहम यात्रा शुरू हो जाती है और वह यात्रा बहुत हद तक 12वीं कक्षा में विद्यार्थियों के परिणाम पर निर्भर करती है। और, ओजोन इंस्टीटयूट की यह परंपरा रही है कि यह इंस्टीट्यूट प्रतिभा को पहचान कर उसे उचित स्थान व सम्मान देता रहा है।

हमारा समाचार

अखबार
प्राप्त करने और न्यूज़ के लिए संपर्क करें
बगरू
विजेन्द्र सिंह राठौड़
मोबाइल नंबर 8529975269
नीमकाथाना
सुरेश चंद यादवा
मोबाइल नंबर 9636439164

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रामनिवास मंडोलिया के लिए महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड प्रिंटर्स सीतापुरा इंडस्ट्रीज, जी-848 फेज-3 रीको सीतापुरा जयपुर राज. से मुद्रित एवं 84 मंडोलियों की ढ़ाणी जोबनेर रोड़ कालवाड़ जयपुर, (राज.) से प्रकाशित, संपादक रामनिवास मंडोलिया मो.- 9461162346, स्थानीय संपादकः झाबर सिंह धायल 9828467603, सिटी कार्यालयः 42, कोस्मो कॉलोनी, विनायक रेजीडेन्सी, वैशाली नगर, जयपुर।